(आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या 31281/78)

O.I.G.S.

डाक पंजीयन क्रमांक RJ/JPC/205/2021-23

सत्यमेव जयते

राजस्थान

# रोज़गार संदेश

पाक्षिक

(राजस्थान सरकार के रोजगार सेवा निदेशालय द्वारा प्रकाशित व्यावसायिक मार्गदर्शन एवं रोजगार संबंधी सूचनाओं का एकमात्र प्रकाशन)

वर्ष 45 अंक 2 | Website:http://employment.livelihoods.rajasthan.gov.in | 1 मार्च, 2022 | फोन : 0141-2368398 | मूल्य : 2.00 | वार्षिक शुल्क 40 रु.

## महिलाओं के लिए रोजगार व स्वरोजगार के अवसर

- श्रीमती नवरेखा

प्रत्येक वर्ष 8 मार्च को पूरी दुनिया में महिलाओं के प्रति सम्मान, प्रशंसा, कृतज्ञता व प्रेम प्रकट करते हुए तथा उनके जोश, जज्बे व जुनून को सलाम करते हुए "अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस" उत्सव के रूप में मनाया जाता है।

आज कोई भी ऐसा क्षेत्र नहीं बचा है जहाँ महिलाओं ने अपनी क्षमता का परिचय देते हुए अपनी पहचान स्थापित ना की हो। परिवार की तो वह धुरी है ही, साथ ही सामाजिक, प्रशासनिक, राजनीतिक, सेना क्षेत्र आदि सभी क्षेत्रों में उसने अपनी उत्कृष्ट क्षमता का परिचय दिया है।

आज महिलाएँ आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर होकर स्वाभिमान के साथ जीवन व्यतीत करना चाहती है। वे भी परिवार के पुरूष सदस्य की भाँति ही अपने परिवार के उज्ज्वल भविष्य के लिए काम करना और पैसा कमाना चाहती है। बदलती जीवन शैली, महंगाई का दौर और हर वस्तु की बढ़ती कीमतें देखकर आज के समय में पहले से कहीं ज्यादा महिलाएँ घर संभालने के साथ-साथ परिवार को आर्थिक सहयोग प्रदान करने की ओर महत्वपूर्ण भूमिका निभाने लगी है। इस प्रकार वे अपनी रूचि, कौशल व प्रतिभा को उपयोग करके, अपने खाली समय का सदुपयोग कर कुछ सृजनात्मक करना चाहती हैं। परन्तु कभी-कभी पारिवारिक जिम्मेदारियों के कारण वे बाहर जाकर नौकरी करने में असक्षम होती है। इसलिए घर के आस-पास व घर में रहकर किये जाने वाले कार्यों की उन्हें तलाश होती है। वस्तुतः अवसर हमारे आस-पास ही है। आवश्यकता है जागरूक होने की। इस लेख में कुछ ऐसे ही रोजगार के अवसरों के बारे में बताया जा रहा है जिन्हें महिलाएँ घर पर रहकर कर सकती है तथा वे स्वयं व परिवार की आर्थिक मदद भी कर सकती है। इस प्रकार वे समाज व देश के विकास में सकारात्मक भागीदार भी हो सकती है।

### 1. यू-ट्यूब और ब्लागिंग

अगर आपको लिखना पसंद है और लोगों तक देश दुनिया की बातें पहुंचाना आपको अच्छा लगता है तो आप अपने खुद का यू-ट्यूब चैनल और ब्लॉग शुरू कर सकती है। ये भी आज घर से कमाई करने का अच्छा साधन है। आप आपका ब्लॉग और चैनल अपनी रूचि के हिसाब से शुरू कर सकती है जैसे खाना, टेकनोलॉजी, हैल्थ टिप्स आदि।

### 2. फॉर्म फिलिंग एवं डाटा एंट्री फैशन डिज़ाइनर

सारे काम आजकल इंटरनेट और ऑनलाइन होने के कारण अधिकतर कंपनी को कम्प्यूटर या पोर्टल पर डाटा एंट्री करके अच्छा खासा कमा सकती है। इसके लिए आपको सिर्फ एक लैपटॉप और इंटरनेट की जरूरत होती है। आप इन जॉब्स को इंटरनेट और जॉब पोर्टल के जरिये खोज सकती है।

### 3. कोचिंग क्लासेज

यदि आपकी पढ़ने और पढ़ाने में रूचि है तो ये आपके लिए एक अच्छा रोजगार का अवसर है। ट्यूशन पढ़ाने के लिए आपको कुछ भी इन्वेस्टमेंट करने की भी जरूरत नहीं पड़ती है। यदि आपकी teaching skills अच्छी है तो आप बहुत अच्छे पैसे कमा सकती है। साथ ही ये एक ऐसा व्यवसाय है जो कभी भी outdated नहीं हो सकता, आपके पास हमेशा काम होता है और निरन्तर आपकी आय बनी रहेती है। इस व्यवसाय की मार्केटिंग के लिए आप सोशल मीडिया और ऑफलाइन मार्केटिंग रणनीति जैसे पंपलेट, होर्डिंग्स आदि का उपयोग कर सकती है। साथ ही अपने आस-पास वाले लोगों को मौखिक रूप से भी बता सकती है।

### 4. टिफिन सेंटर

लोग नौकरी दुंढने के लिए अपने शहर को छोड़कर दूसरे शहरों में जाने के लिए मजबूर हो जाते हैं। इसी प्रकार अनेक घरों में बच्चों के बाहर चले जाने पर बुजुर्ग माता-पिता घर पर अकेले रह जाते हैं तथा उन्हें खाना बनाने में परेशानी का सामना करना पड़ता है। ऐसे में उनको घर में बना हुआ खाना मिल पाना काफी मुश्किल हो जाता है। इस कारण से टिफिन सर्विस का प्रचलन बढ़ गया है। जिसमें महिलाएँ घर में बने खाने का टिफिन सर्विस शुरू कर अपनी आय बढ़ा रही है। इसके लिए आपको फूड सेफ्टी एण्ड स्टैंडर्ड्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया से लाइसेंस भी प्राप्त करना होगा। इस व्यवसाय को बढ़ाने के लिए आप होस्टल, हॉस्पिटल और ऑफिस आदि से भी गठबंधन (टाई अप) कर अच्छी कमाई कर सकती है।

### 5. प्रोजेक्ट मेकर

आजकल स्कूलों में आए दिन बच्चों से प्रोजेक्ट बनवाए जाते हैं जो कि अभिभावकों के लिए परेशानी का कारण बन जाते हैं। खास तौर पर कामकाजी माता-पिता के लिए। आप इसमें उनकी मदद कर आमदनी कर सकती है।

### 6. कार्ड मेकिंग

आजकल किसी भी अवसर पर कार्ड देने का प्रचलन बढ़ गया है जैसे जन्मदिन, सालगिरह आदि। आज हर कोई अपनी पसंद का कस्टमाइज्ड कार्ड लेना पसंद करता है, यदि आपकी इस क्षेत्र में रूचि है तो आप लोगों की पसंद के कार्ड और गिफ्ट तैयार कर सकती हैं।

### 7. योगा सेंटर

सभी लोग अपनी सेहत को लेकर काफी जागरूक है और बहुत से लोग योग सीखना चाहते है। इस तनावपूर्ण व भाग-दौड़ की जिंदगी में योग शांति की तलाश में लगे लोगों के लिए आप योगा सेंटर घर से ही शुरू कर सकती है। इसके लिए आपको योगा में डिप्लोमा कोर्स करना होगा। इस व्यवसाय का फायदा यह है कि खुद स्वस्थ रहते हुए आप आर्थिक लाभ भी प्राप्त कर सकते है।



### 8. कृत्रिम आभूषण (आर्टिफिशियल ज्वैलरी)

वर्तमान समय में कृत्रिम आभूषणों का प्रचलन बढ़ गया है। अमीर हो या गरीब आज हर कोई इन्हें पहनना पसंद करता है। महिलाएँ कम लागत में घर पर रहते हुए आर्टिफीशियल ज्वैलरी का भी व्यवसाय कर सकती है। इसके लिए उन्हें होलसेल की तलाश करनी होगी जो सस्ते में अच्छी डिजाइनर ज्वैलरी उपलब्ध करवा सके। ज्वैलरी का भाव सोच समझकर रख सकती है।

### 9. होम बेकर

अगर आपको केक, पेस्ट्री, चॉकलेट आदि बनाने में रूचि है तो आप एक होम बेकर के रूप में खुद को स्थापित कर सकती है और अच्छा नाम व पैसा कमा सकती है। इसके लिए सबसे पहले आपको बेकिंग से जुड़ी सारी बातों को अच्छे से सीखना होगा साथ ही बेकिंग से जुड़े सारे सामान को भी खरीदना होगा। आपको एफएसएसएआई का लाइसेंस और जीएसटी नंबर लेना होगा। आप इसकी मार्केटिंग सोशल मीडिया, फूड फेस्टिवल्स और पम्पलेट आदि के जरिये कर सकती है।

### 10. बर्थ डे प्लानर

व्यस्त दिनचर्या एवं माता-पिता के कामकाजी होने के कारण परिवार में होने वाले आयोजनों को वे समय नहीं दे पाते है। अगर आपकी ऐसी रूचि है और आप चाहे तो अपने आस-पास के बच्चों के बर्थ डे प्लानर के तौर पर अपनी सेवाएं दे सकती हैं और एक अच्छा रोजगार का विकल्प हो सकता है।

### 11. डे-केयर

आजकल अधिकतर माता-पिता कामकाजी होते है, ऐसे में उन्हें अपने बच्चे की देखभाल के लिए सुरक्षित और अच्छी जगह की आवश्यकता होती है। वे अपने बच्चे की देखभाल के लिए किसी अच्छी जगह को दूंढते हैं। इस व्यवसाय में बच्चों की देखभाल करनी होती है साथ ही उनके खाने पीने का ध्यान रखना पड़ता है। इसके लिए आपको थोड़े खिलौने, पलंग, गद्दे, किताबें आदि की जरूरत हो सकती है। इस व्यवसाय में आप अपने साथ एक आया को भी काम पर रख सकते है। स्टॉफ की संख्या बच्चों की संख्या पर निर्भर हो सकती है।

### 12. इवेन्ट मैनेजर

इवेंट मैनेजमेंट रोजगार का एक उभरता क्षेत्र है। किसी भी इवेन्ट को यादगार बनाने के पूरे प्रयास किये जाते है, चाहे वह पारिवारिक हो या सामाजिक। महिलाएँ इसमें अपनी कुशल भूमिका निभा सकती है।

### 13. वेडिंग प्लानर

विवाह समारोह आजकल भव्य तरीके से तथा सुनियोजित होने लगे हैं। परिवारजन व्यस्तता के कारण आपा-धापी में होते है। ऐसे में एक वेडिंग प्लानर की आवश्यकता होती है ताकि सभी रीति-रिवाजों के साथ विवाह समारोह शान्तिपूर्ण तरीके से तथा व्यवस्थित रूप से पूर्ण हो सके। महिलाओं को सभी रीति-रिवाजों की अच्छी जानकारी होती है। अतः महिला वेडिंग प्लानर के रूप में अपनी कुशलता का परिचय दे सकती है।

### 14. एनवलप मेकिंग

पारिवारिक व सामाजिक समारोहों में अनेक बार पैसे देकर अतिथि-सत्कार किये जाने का रिवाज है। आजकल पैसों को खुले रूप में ना देकर सजावटी व होम मेड एनवलप में दिया जाना अच्छा लगता है। महिलाएँ सुन्दरता, कुशलता व सजावट में माहिर होती है। वे अपनी कल्पना व अनुभव के आधार पर अवसर के अनुसार डिजाइन बनाते हुए सुन्दर व कलात्मक एनवलप (लिफाफे) बनाकर सेल कर सकती है।

### 15. होम नर्सरी

महिलाएँ आम तौर पर पेड़-पौधों में रूचि रखती है। घर में खाली जमीन/छत पर या किसी खाली प्लॉट पर मौसम के अनुसार विभिन्न प्रकार के पौधे उगाकर उन्हें बेचकर आय अर्जित कर सकती है।

कोरियोग्राफर, इन्टीरियर डेकोरेटर, अचार व पापड़ बनाना, गिफ्ट आइटम मेकिंग, राखी बनाना, भगवान की पोशाक बनाना आदि अन्य रोजगार/स्वरोजगार के विकल्प हो सकते है जो महिलाएँ घर पर रहकर पारिवारिक जिम्मेदारियों को निभाते हुए कर सकती हैं। इस प्रकार महिलाएँ अनेक क्षेत्रों में रोजगार व स्वरोजगार स्थापित कर अपने सपनों को उड़ान दे सकती है तथा आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर हो सकती है।

अन्त में, मैं सभी महिला साथियों को सन्देश देना चाहती हूँ.......

**"होके मायूस ना यूँ शाम सी ढलती रहो,**
**जिन्दगी भोर है सूरज सी निकलती रहो।**
**एक ही पांव पर ठहरोगी तो थक**
**जाओगी, धीरे धीरे ही सही मगर राह पर**
**चलती रहो।"**



श्रीमती नवरेखा

लेखिका उप निदेशक (ई.पी.), रोजगार सेवा निदेशालय, जयपुर में कार्यरत है।

# रेल कोच फैक्टरी, कपूरथला

## रोज़गार सूचना सं. 01/एसपीक्यू/2021-22

(i) वर्ष 2020-21 के लिए खुले विज्ञापन के माध्यम से खेलकूद कोटे के अंतर्गत भर्ती के लिए निम्नलिखित खेलों के खिलाड़ियों से निर्धारित प्रारूप में आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं।

**केवल खेल योग्यता रखने वाले उम्मीदवार ही आवेदन कर सकते हैं।**

अपेक्षित शैक्षणिक योग्यता और अन्य विवरण संक्षेप में नीचे दिये गये हैं:-

| | |
|---|---|
| **आवेदनों को जमा करने की प्रारंभ तिथि समय** | **19/02/2022 को 9.00 बजे** |
| **बंद होने की तिथि एवं समय** | **21/03/2022 को 17.00 बजे** |

| खेल क्षेत्र | वेतन मैट्रिक्स लेवल 2 (7वें सीपीसी/ ग्रेड वेतन) | भर्ती के लिए प्रस्तावित खिलाड़ियों की सं. | खिलाड़ियों का दर्जा/ प्रतिस्पर्धा | श्रेणी कोड |
|---|---|---|---|---|
| बास्केट बॉल (पुरुष) | वेतन मैट्रिक्स एल-2 (ग्रेड वेतन रु. 1900/-) | 3 | 1 गार्ड, 1 फॉरवर्ड, 1 सेंटर | 1 |
| कुश्ती (पुरुष) | वेतन मैट्रिक्स एल-2 (ग्रेड वेतन रु. 1900/-) | 3 | 67 कि. ग्रा. ग्रीन रोमन<br>72 कि. ग्रा. ग्रीन रोमन<br>97 कि. ग्रा. ग्रीन रोमन | 2 |
| एथलेटिक्स (महिला) | वेतन मैट्रिक्स एल-2 (ग्रेड वेतन रु. 1900/-) | 2 | शॉटपुट/डिसक्स थ्रो, हेमर थ्रो/5000 मी./10000 मी. | 3 |
| हॉकी (महिला) | वेतन मैट्रिक्स एल-2 (ग्रेड वेतन रु. 1900/-) | 2 | फॉरवर्ड | 4 |
| | कुल | **10** | | |

**आयु सीमा और शैक्षिक/तकनीकी योग्यता**

**आयु सीमा : 18-25 वर्ष 01.01.2022 को**

| लेवल (7 सी.पी.सी. स्केल्स | पद | न्यूनतम शिक्षा/तकनीकी योग्यता |
|---|---|---|
| लेवल-2 (जी.पी. 1900) | टैक्निशियन -III | 10 वीं उत्तीर्ण लेवल-2 (जी.पी.1900) अथवा<br>10वीं उत्तीर्ण + उम्मीदवार द्वारा अप्रेंटिस एक्ट के अन्तर्गत आई.टी.आई. सर्टीफिकेट जो कि एन.सी.वी.टी. (NCVT) में किसी भी ट्रेड में द्वारा प्रमाणित है।<br>*स्पोर्ट्स कोटा में नियुक्त व्यक्तियों की प्रशिक्षण अवधि 3 वर्ष होगी। जब तक वह संबधित ट्रेड में आई.टी.आई. योग्यता उर्त्तीण नहीं कर लेते, इस मामले में अवधि 06 महीने होगी। |
| | जूनियर क्लर्क-कम टाईपिस्ट | 12" (+2 चरण) या इसके समकक्ष परीक्षा कंप्यूटर पर अंग्रेजी/हिन्दी में टंकण प्रवीणता आवश्यक है। |

नोट :- (1) खुले विज्ञापन के माध्यम से भर्ती के लिए आयु (ऊपरी या निचली) में किसी भी छूट की अनुमति नहीं होगी।

(2) खुले विज्ञापन के माध्यम से भर्ती के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता में किसी भी छूट की अनुमति नहीं होगी।

(3) अजा. अजजा एवं अपिव के लिए कोई भी पद आरक्षित नहीं है। तथापि. अजा./अजजा/अपिव समुदायों से नियुक्ति से पूर्व 03 (तीन) वर्षों की प्रशिक्षण प्राप्त करना होगा।

(4) एस.सी./एस.टी./ओ.वी.सी./ई.डब्ल्यू.एस. के लिए कोई पद आरक्षित नहीं है।

| वेतन मैट्रिक्स लेवल/ ग्रेड वेतन | भर्ती के लिए न्यूनतम खेलकूद मानक |
|---|---|
| 7वें सीपीसी का लेवल 2 (जी. पी. रु. 1900) | निम्नलिखित में से किसी एक चैम्पियनशिप/प्रतिस्पर्धा में देश का प्रतिनिधत्व किया हो (i) विश्व कप (जूनियर/सीनियर/युवा वर्ग) (ii) विश्व चैम्पियनशिप (जूनियर/सीनियर वर्ग) (iii) एशियाई खेल (सीनियर वर्ग) (iv) कॉमनवैल्थ गेम्स (सीनियर वर्ग) (v) युवा ओलंपिक (vi) चैंपियंस ट्रॉफी ओलंपिक (हॉकी) अथवा निम्नलिखित चैंपियनशिप/ईवेंट में कम से कम तीसरा स्थान (i) कॉमनवैल्थ चैंपियनशिप (जूनियर/सीनियर वर्ग) (ii) एशियन चैंपियनशिप/एशिया कप (जूनियर/सीनियर वर्ग) (iii) साऊथ एशियन फैडरेशन गेम्स (SAFG) सीनियर वर्ग (iv) यू.एस.आई.सी. (विश्व रेलवे) चैंपियनशिप (सीनियर वर्ग) (v) विश्व विश्वविद्यालय खेल अथवा राष्ट्रीय चैंपियनशिप सीनियर/युवा/जूनियर में कम से कम तीसरा स्थान अथवा राष्ट्रीय भारतीय ओलपिंक संघ द्वारा आयोजित में कम से कम तीसरा स्थान अथवा भारतीय विश्वविद्यालय संघ के तत्वाधान में आयोजित अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय चैम्पियनशिप में कम से कम तीसरा स्थान अथवा फेडरेशन कप चैम्पियनशिप (सीनियर वर्ग) में पहला स्थान । नोट: (i) एथलेटिक्स में (पुरुष): राष्ट्रीय अंतर राज्य सीनियर एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में पदक जीतने के प्रदर्शन को पीबी-1 में ग्रेड वेतन रु. 1900/- के पदों पर भर्ती के लिए भी विचार किया जाएगा। (ii) कुश्ती (एफएस/जीआर) के खेल में ट्रायल, सीनियर नेशनल चैम्पियनशिप के भार वर्गो के अनुसार आयोजित किए जाएंगे। सीनियर नेशनल्स और अन्य मान्यता प्राप्त चैम्पियनशिप/प्रतिस्पर्धा के भार वर्ग में किसी भी अंतर के मामले में अधिसूचित भार वर्ग के नज़दीक भार वर्ग में प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी, ट्रायल के दिन शर्तो के अधीन भर्ती एवं ट्रायल चयन के लिए योग्य होंगे। इस शर्त के अधीन कि कथित पहलवान का वास्तविक शारीरिक भार भर्ती की भार श्रेणी से अधिक नहीं होना चाहिए। (iii) हॉकी (महिला) के पदों पर भर्ती हेतु ग्रेड वेतन रु. 1900 अथवा रु. 2000 पेबैंड 5200-20, 200 में, चार या अधिक देशों के अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में न्यूनतम दूसरा स्थान होने पर भी भर्ती के लिए विचार किया जा सकता है। |

**इस विज्ञापन के अंतर्गत खिलाड़ियों की भर्ती के लिए आरएसपीबी द्वारा मान्यता प्राप्त जूनियर नेशनल चैम्पियनशिपों की सूची :**

| खेलक्षेत्र | वर्ग | मान्यता प्राप्त जूनियर चैम्पियनशिप के विवरण | |
|---|---|---|---|
| | | आयु-समूह | चैम्पियनशिप का नाम |
| बास्केट बॉल | पुरुष | 18 वर्ष से कम | जूनियर नेशनल बास्केट बॉल चैम्पियनशिप |
| कुश्ती (केवल ग्रिको रोमन) | पुरुष | 20 वर्ष से कम | जूनियर नेशनल कुश्ती चैम्पियनशिप |
| एथलेटिक्स | महिला | 20 वर्ष से कम | जूनियर नेशनल एथलेटिक चैम्पियनशिप |
| हॉकी | महिला | 19 वर्ष से कम | जूनियर नेशनल हॉकी चैम्पियनशिप |

**नोट:** उपरोक्त वर्णित सभी चैम्पियनशिप मान्यता प्राप्त अंतर्राष्ट्रीय/राष्ट्रीय/राज्य खेलकूद संघों के ततवधान में आयोजित की होनी चाहिए और रेलवे स्पोर्ट्स प्रोमोशन बोर्ड द्वारा मान्यता प्राप्त होनी चाहिए।

**नोट:** वेतन मैट्रिक्स लेवल 2 (7वें सीपीसी) में भर्ती के लिए उपलब्धियाँ वर्तमान और/या तत्काल पिछले 02 वर्षों, अर्थात, 01.04.19 से प्राप्त की होनी चाहिए और खिलाड़ी को एक सक्रिय खिलाड़ी होना चाहिए। खेल उपलब्धियों की वैधता के लिए, चैम्पियनशिप/प्रतिस्पर्धा के समापन दिन को गणना में लिया जाएगा।

**iv (a) आवेदन शूल्क**

| | | |
|---|---|---|
| (i) | नीचे उप-पैरा (ii) में वर्णित को छोड़कर सभी उम्मीदवारों के लिए | रु. 500/- (रुपये पाँच सौ मात्र) |
| (ii) | अजा/अजा/भूतपूर्व सैनिक/ दिव्यांगजन/ महिलाएँ/अल्पसंख्यक/रु* एवंआर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग** से संबंधित उम्मीदवारों के लिए: | रु. 250/- (दो सौ रुपये मात्र) अधिसूचना और चयन ट्रायल में वास्तविक रूप से शामिल अनुसार योग्य पाए गए उम्मीदवारों के लिए यह वापिस करने के प्रावधान के साथ। इस श्रेणी के उम्मीदवारों को आवेदन से पूर्व अपनी योग्यता की भली-भाँति जाँच करनी चाहिए। अयोग्य उम्मीदवारों द्वारा आवेदन करने पर पर शुल्क को वापिस नहीं किया जाएगा। |

**नोट:** उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि आवेदन के लिए अपेक्षित शुल्क खाता सं. 65035290377, आईएफएससी कोड SBIN0050540, भारतीय स्टेट बैंक, आरसीएफ/एचएसक्यू में जमा करें जिसे इस सूचना के प्रकाशन की तिथि के बाद भुगतान करना है और शुल्क प्राप्ति की रसीद आवेदन के साथ अवश्य संलग्न होनी चाहिए

**(b) शुल्क में छूट**

क) आवेदन शुल्क से छूट/वापसी का दावा करने के लिए अल्पसंख्यक उम्मीदवारों को दस्तावेज सत्यापन के समय प्रारूप 'क' में वर्णित अनुसार 'स्व-घोषणा' जमा करना होगा। *अल्पसंख्यक का अर्थ है मुस्लिम, रखता/रखती है। यदि दस्तावेज सत्यापन के समय शपथपत्र प्रस्तुत नहीं किया गया तो उम्मीदवारी को निरस्त कर दिया जाएगा।

ख) **आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईबीसी) का अर्थ कि उम्मीदवार जिनके परिवार की सालाना आय रु. 50,000/- से कम है:

आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग (ईबीसी) की पहचान करने के लिए निम्नलिखित सक्षम प्राधिकारी ही आय प्रमाणपत्र जारी करने के लिए अधिकृत है:

(i) जिला मैजिस्ट्रेट या तहसीलदार के स्तर तक अन्य राजस्व अधिकारी।

(ii) व्यक्तियों के अपने निर्वाचन क्षेत्र का वर्तमान लोक सभा सांसद।

(iii) एक मान्यता प्राप्त गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम या रेलवे द्वारा जारी एमएसटी के अंतर्गत गरीबी रेखा से नीचे जीवनयापन (बीपीएल) कार्ड या केन्द्र सरकार द्वारा अन्य कोई प्रमाणपत्र।

(iv) केन्द्रीय मंत्री देश में कहीं पर भी किसी व्यक्ति के लिए अनुशंसा कर सकते हैं।

(v) सांसद के निवास क्षेत्र में जिले के व्यक्तियों के लिए वर्तमान राज्य सभा के सांसद।

उपरोक्त वर्णित प्राधिकारियों द्वारा नीचे वर्णित अनुसार जारी आय प्रमाणपत्र दस्तावेज सत्यापन के समय प्रस्तुत करना है ।

**पत्र सं. ई (आरआरबी)/2009/25/21 के पैरा 3 के अनुसार लेटर हेड पर जारी किए जाने वाले आय प्रमाणपत्र का प्रारूप।** दिनांकित 28/10/2009 **आर्थिक रूप से पिछड़े वर्गों (ई. बी. सी.) के लिए परीक्षाओं शुल्कों में छूट के लिए आय प्रमाणपत्र:-**

परीक्षा के लिए **परीक्षा शुल्कों** में छूट हेतु आय प्रमाणपत्र :-

1. उम्मीदवार का **नाम**
2. **पिता** का नाम
3. आयु
4. आवासीय पता
5. सालाना पारिवारिक आय : **(शब्दों** एवं अंकों में)
6. जारी होने की तिथि
7. हस्ताक्षर (नाम)
8. जारी करने वाले प्राधिकारी की मोहर

(vi) **भर्ती की प्रक्रिया इस प्रकार होगी:-** भर्ती ट्रायल के आधार पर की जाएगी। ट्रायल समिति द्वारा उम्मीदवार को फिट घोषित करने के बाद ही अगले चरण, अर्थात, साक्षात्कार के लिए विचार किया जाएगा।

(vi) **आवेदन कैसे करें :-** (1) अच्छी गुणवता के ए-4 साइज पेपर पर निर्धारित प्रारूप में आवेदन वेबसाइट **www.rcf.indianrailways.gov.in** से डाउनलोड किया जा सकता है और एक तरफ स्वच्छ एवं स्पष्ट टाइप किया जा सकता है। (2) उम्मीदवार को अपने स्वयं की हैंडराइटिंग में आवेदन भरना है और आवेदन में चिपकाना है और एक पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ को विधिवत प्रमाणित करके आवेदन में संलग्न करना है। (3) उम्मीदवारों को शैक्षणिक एवं खेलकूद उपलब्धियों की सत्यापित फोटोकॉपियाँ संलग्न करनी होंगी। अजा/अजजा/अपिव उम्मीदवारों को निर्धारित प्रारूप में जाति प्रमाणपत्र की सत्यापित प्रति जमा करनी होगी। **(4) उम्मीदवारों को आवेदन करने से पहले अपनी योग्यता को सुनिश्चित कर लेना चाहिए :-** उम्मीदवार यह सुनिश्चित कर लें कि वह पद के लिए निर्धारित योग्यता शर्तो को पूरा करता है । इस अधिसूचना में अधिसूचित पद (पदों) के लिए उम्मीदवारों की योग्यता उनके द्वारा प्रस्तुत सूचना के आधार पर निर्धारित की जाएगी। भर्ती के किसी भी चरण में या बाद में भी यह पता चलता है कि उम्मीदवार द्वारा अपने आवेदन में दी गई सूचना झूठी/असत्य है या उम्मीदवार ने कोई संगत जानकारी छुपाई है या वह पद के लिए योग्यता मापदंडों को पूरा नहीं करता/करती तो उसकी उम्मीदवारी तत्काल निरस्त कर दी जाएगी। (5) रेलवे प्रशासन आवेदन देरी से पहुँचने और डाक द्वारा होने वाली देरी के लिए जिम्मेदार नहीं होगा। (6) महाप्रबंधक (कार्मिक) भर्ती प्रकोष्ठ, रेल कोच फैक्टरी, कपूरथला - 144602 के कार्यालय में आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय 21-03-2022 को 17.00 बजे तक है। (7) उम्मीदवारों को चाहिए कि वे आवेदन भेजे जाने वाले लिफाफे के ऊपर "वर्ष 2021-22 के लिए खेलकूद कोटे के अंतर्गत भर्ती" अवश्य लिखें। (8) आवेदन सामान्य डाक द्वारा भेजा जाना चाहिए। पंजीकृत डाक/कूरियर/पंजीकृत एडी द्वारा भेजे गए आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे। (9) रेलवे प्रशासन अपवादात्मक परिस्थितियों में भर्ती प्रक्रिया को निरस्त करने का अधिकार रखता है। (10) किसी भी परिस्थिति में अंतिम तिथि एवं समय के बाद प्राप्त आवेदनों का स्वीकार नहीं किया जाएगा। (11) खुले विज्ञापन के माध्यम से खेलकूद कोटे के अंतर्गत भर्ती खिलाड़ियों को प्रशिक्षण, यदि कोई हो, को पूरा करने के बाद दो वर्षों की परिवीक्षा अवधि में रखा जाएगा। (12) खुले विज्ञापन के माध्यम से खेलकूद कोटे के अंतर्गत भर्ती खिलाड़ियों को पांच वर्षों की अवधि के लिए सेवा बॉन्ड भरना एवं हस्ताक्षरित करना होगा। (13) खुले विज्ञापन के माध्यम से भर्ती खिलाड़ियों को जिस पद के लिए वह नियुक्त किए गए हैं, उसके लिए निर्धारित न्यूनतम चिकित्सा मानकों को पूरा करना होगा । (14) खुले विज्ञापन के माध्यम से खेलकूद कोटे के अंतर्गत भर्ती खिलाड़ियों को भर्ती के किसी भी चरण में उनके द्वारा दी गई जानकारी एवं दस्तावेज़ों के गलत/जाली पाए जाने पर सेवा समाप्ति की उचित प्रक्रिया का पालन करते हुए तुरंत सेवा से निष्काशित कर दिया जाएगा। (15) आवेदक को अपने आवेदन पत्र में गेम के नाम के साथ अपने खेलने का स्थान वर्णित करेगा चाहिए। (16) पीएसयू/सरकारी संगठनों में पहले से सेवारत उम्मीदवार, जोकि उपरोक्त के लिए योग्य हैं, को आवेदन/ट्रायल के समय अपने नियोक्ता से इस संबंध में "अनापत्ति प्रमाणपत्र" प्रस्तुत करना होगा। (17) भर्ती के सभी चरणों में उम्मीदवार की प्रवेश निर्धारित योग्यता मापदंडों को पूरा करने के अधीन पूर्णत वैकल्पिक होगा। उम्मीदवार को कॉल लेटर भेजे जाने का यह मतलब नहीं हो जाता कि उसकी उम्मीदवारी अंतिम रूप से चयनित हो गई है। (18) उच्चतर स्तर के लिए खेलकूद मानक रखने वाले खिलाड़ी, जोकि निचले स्तर के लिए रिक्तियों के अधीन आवेदन कर रहे हैं, पर भी विचार किया जाएगा। हालाँकि, वह रेलवे में नियुक्ति से पूर्व खेल उपलब्धियों के आधार पर रेलवे में नियुक्ति के बाद उच्चतर स्तर के लिए दावा नहीं कर पाएंगे/पाएंगी। (19) योग्यता, आवेदन को स्वीकार या अस्वीकार करने, आदि के संबंध में चयन समिति/प्रशासन का निर्णय नहीं किया जाएगा। (20) ट्रायल एवं साक्षात्कार वाले दिन जन्म तिथि, शैक्षणिक योग्यता, खेलकूद उपलब्धियाँ और अजा/अजजा/अपिव आदि के मूल दस्तावेज प्रस्तुत करना अनिवार्य है जिसके बिना ट्रायल/साक्षत्कार में शामिल होने की अनुमति नहीं दी जाएगी। अंग्रेजी या हिन्दी के अलावा अन्य भाषाओं में प्रमाणपत्र होने पर इना अंग्रेज़ी/हिन्दी में सत्यापित अनुवाद संलग्न करना होगा। चयन ट्रायल/साक्षात्कार में शामिल होने के लिए कोई टीए/डीए/आवास की व्यवस्था नहीं होगी। आवदकों को अपने स्वंय के किट लाने होंगे। उन्हें चयन ट्रायल के लिए 2-3 दिनों के लिए रहना पड़ सकता है, इसलिए अपनी स्वंय की व्यवस्थाएँ कर लें। रेलवे प्रशासन के पास ट्रायल/साक्षात्कार की तिथि/स्थान निर्धारित करने या आगे बढ़ाने या किसी अपरिहार्य स्थिति में इसे निरस्त करने का अधिकार होगा जिसके लिए कोई दावा स्वीकार नहीं किया जाएगा।

**महाप्रबंधक (पी)**

(शेष पृष्ठ 8 पर)

भारत सरकार

रक्षा मंत्रालय

# भारतीय नौसेना में सिविलियन कार्मिकों की भर्ती–2022

## भारतीय नौसेना में ट्रेड्समैन प्रशिक्षित की भर्ती

### अधिसूचना – 01/2022

भारतीय नौसेना पूर्व नौसैनिक पात्र प्रशिक्षुओं (भारतीय नौसेना के डॉकयार्ड एप्रेंटिस स्कूलों के पूर्व-प्रशिक्षुओं) से ट्रेड्समैन प्रशिक्षित के पद के लिए भारतीय नौसेना की वेबसाइट **www.joinindiannavy.gov.in के जरिए ऑनलाइन माध्यम से आवेदन आमंत्रित हैं.** चुने हुए उम्मीदवारों को आमतौर पर (क) मुख्यालय, पश्चिमी नौसेना कमान, मुम्बई, (ख) मुख्यालय, पूर्वी नौसेना कमान, विशाखापट्टनम और (ग) मुख्यालय, दक्षिणी नौसेना कमान, कोच्चि के प्रशासनिक नियंत्रण के अंतर्गत यूनिटों में सेवा करनी होगी. परंतु, उनकी तैनाती भारत में कहीं भी स्थित नौसेना यूनिटों/केंद्रों में की जा सकती है.

**सामान्य केंद्रीय सेवा, समूह 'ग', अराजपत्रित, औद्योगिक**

**वेतनमान – पे मैट्रिक्स में लेवल–2 (रु. 19900–63200)**

| क्र. सं. | ट्रेड | प्रशिक्षुता स्कूलों में ट्रेड | रिक्तियों का वर्गीकरण* (*परिवर्तन के अधीन) | | | | | | | | कार्यात्मक आवश्यकता के अनुसार कार्य के लिए उपयुक्त विकलांगता श्रेणियां | कमान/ मुख्यालय/ यूनिटवार रिक्तियों का ब्यौरा |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अजा | अजजा | अपिव | ईडब्ल्यूएस | अना | कुल | समानांतर आरक्षण | | | |
| | | | | | | | | | पीडब्ल्यूबी-डीएस | भूपूसै | | |
| निर्दिष्ट ट्रेड | | | | | | | | | | | | |
| (क) | इलेक्ट्रिकल फिटर | पावर इलेक्ट्रिशियन/ इलेक्ट्रिशियन | 27 | 14 | 38 | 16 | 69 | 164 | 07 | 16 | (क) 02 -ब, श्रबा<br>(ख) 02-एपै, कु.उ., बौ, एहपी<br>(ग) 01- एएसडी (एम), एसएलडी, एमआई<br>(घ) 02- एमडी, जिसमें शामिल हैं उपरोक्त (क) से (ग) तक शमिल हैं.<br>(एस, एसटी, डब्ल्यू, बी एन, एल, केसी, पीपी, एमएफ, आरडब्ल्यू एसई, एच) | एचक्यूईएनसी-22<br>एचक्यूएसएनसी-02<br>एचक्यूडब्ल्यूएनसी-17<br>एनडीएमबीआई-123 |
| (ख) | इलेक्ट्रो प्लेटर | इलेक्ट्रो प्लेटर | 02 | 00 | 02 | 00 | 06 | 10 | 00 | 00 | - | एचक्यूईएनसी-05<br>एनडीएमबीआई-05 |
| (ग) | इंजन फिटर | फिटर | 28 | 14 | 37 | 16 | 68 | 163 | 05 | 17 | (क) 01- दृही, अदृ<br>(ख) 01- ब, श्रबा<br>(ग) 01- एपै, दोपै, कुउ, बौ, एहपी<br>(घ) 02 - एएसडी (एम), एसएलडी, एमआई अथवा एमडी जिसमें दृही, अदृ, ब, श्रबा, एपै, दोपै, कुउ, बौ, एहपी, एएसडी (एम), एसएलडी, एमआई शामिल हैं.<br>(एसटी, बीएन, एल, एमएफ) | एचक्यूईएनसी-24<br>एचक्यूएसएनसी-05<br>एचक्यूडब्ल्यूएनसी-10<br>एनडीएमबीआई-124 |
| (घ) | फाउंडरी | फाउंडरीमैन | 01 | 00 | 01 | 00 | 04 | 06 | 00 | 00 | - | एनडीएमबीआई-06 |
| (ङ) | पैटर्न मेकर | पैटर्न मेकर/मोल्डर/फाउंडरी-मैन | 00 | 01 | 02 | 00 | 05 | 08 | 00 | 01 | - | एचक्यूएसएनसी-01<br>एनडीएमबीआई-07 |
| (च) | आईसीई फिटर | मैकेनिक डीजल | 14 | 05 | 32 | 12 | 47 | 110 | 04 | 12 | (क) 01- अदृ<br>(ख) 01- ब, श्रबा<br>(ग) 01- एहा, दोहा, एपै, एहापै, कुउ, बौ, एहपी<br>(घ) 01 - एएसडी (एम, एमओडी), एसएलडी, एमआई अथवा एमडी जिसमें अदृ, ब, श्रबा, एहा, दोहा, एहपै, सीपी, बौ, एहपी, एएसडी (एम, एमओडी), एसएलडी, एमआई शामिल हैं.<br>(एस, एसटी, डब्ल्यू, बी एन, आरडब्ल्यू, एसई, एच, सी, एमएफ) | एचक्यूईएनसी-17<br>एचक्यूएसएनसी-10<br>एचक्यूडब्ल्यूएनसी-15<br>एनडीएमबीआई-68 |
| (छ) | इंस्ट्रूमेंट फिटर | इंस्ट्रूमेंट मैकेनिक | 03 | 01 | 07 | 02 | 18 | 31 | 01 | 02 | 01-एएसडी (एम) एसएलडीएमआई **अथवा**<br>एमडी जिसमें ब, श्रबा, एपै, दोपै, सीपी, कुउ, बौ, एहपी, एएसडी (एम), एसएलडी, एमआई | एचक्यूईएनसी-03<br>एचक्यूएसएनसी-03<br>एचक्यूडब्ल्यूएनसी-04<br>एनडीएमबीआई-21 |
| (ज) | मशीनिस्ट | मशीनिस्ट/टर्नर | 09 | 04 | 19 | 07 | 31 | 70 | 04 | 07 | (क) 01- दृही, अदृ<br>(ख) 01- ब, श्रबा<br>(ग) 01- एपै, दोपै सीपी, कुउ, बौ, एहपी<br>(घ) 02 - एएसडी (एम), एसएलडी, एमआई अथवा एमडी जिसमें दृही, अदृ, ब, श्रबा, एपै, सीपी, कुउ, बौ, एहपी, एएसडी (एम), एसएलडी, एमआई शामिल हैं.<br>(एस, एसटी, बीएन, एल, एमएफ, एसई) | एचक्यूईएनसी-08<br>एचक्यूएसएनसी-08<br>एचक्यूडब्ल्यूएनसी-03<br>एनडीएमबीआई-51 |
| (झ) | मिल राइट फिटर | मैकेनिक मशीन टूल रख-रखाव/मिल राइट एमटीएम | 08 | 03 | 13 | 04 | 23 | 51 | 02 | 05 | (क) 01- ब, श्रबा<br>(ख) 01- एपै, सीपी, कु.उ., बौ, एहपी<br>(एस, एसटी, डब्ल्यू, बी एन, एल, पीपी, एमएफ, आरडब्ल्यू एसई, सी) | एचक्यूईएनसी-01<br>एचक्यूएसएनसी-01<br>एनडीएमबीआई-49 |
| (ञ) | पेंटर | पेंटर (जनरल)/पेंटर | 04 | 04 | 12 | 06 | 27 | 53 | 03 | 05 | (क) 02- ब, श्रबा<br>(ख) 01- एएसडी (एम, एमओडी), आईडी, एसएलडी, एमआई **अथवा**<br>एमडी जिसमें ब, श्रबा, एपै, बौ, एहपी, एएसडी (एम), एमओडी, आईडी, एसएलडी, एमआई शामिल हैं.<br>(एस, एसटी, डब्ल्यू, बीएन, पीपी, केसी, एसई) | एचक्यूईएनसी-09<br>एचक्यूएसएनसी-07<br>एचक्यूडब्ल्यूएनसी-07<br>एनडीएमबीआई-30 |
| (ट) | प्लेटर | शिपराइट स्टील/शीट मेटल वर्कर | 09 | 02 | 12 | 09 | 28 | 60 | 02 | 06 | (क) 01- अदृ<br>(ख) 01- ब, श्रबा<br>(एस, एसटी, एल, एमएस, एसई) | एचक्यूईएनसी-26<br>एचक्यूडब्ल्यूएनसी-01<br>एनडीएमबीआई-33 |
| (छ) | शीट मेटल वर्कर | शीट मेटल वर्कर | 01 | 00 | 02 | 01 | 06 | 10 | 01 | 01 | (क) 01- एपै, सीपी, कुउ, बौ, एहपी<br>(एस, एसटी, डब्ल्यू, एल, केसी, पीपी, एमएस, एसई, सी) | एनडीएमबीआई-10 |
| (ठ) | पाइप फिटर | पाइप फिटर/प्लंबर | 12 | 08 | 17 | 07 | 33 | 77 | 04 | 08 | (क) 02- अदृ,<br>(ख) 02 - एपै, बौ, एहपी<br>(एस, एसटी, डब्ल्यू, एल, केसी, पीपी, एमएस, एसई, सी) | एचक्यूईएनसी-15<br>एचक्यूएसएनसी-01<br>एचक्यूडब्ल्यूएनसी-01<br>एनडीएमबीआई-60 |
| (ड) | रेफ और एसी फिटर | मैकेनिक रेफ और एसी | 06 | 02 | 13 | 05 | 20 | 46 | 01 | 05 | (क) 01- एपै, सीपी, कुउ, बौ, एहपी<br>(एस, एसटी, डब्ल्यू, बीएन, एल, केसी, पीपी, एमएस, आरडब्ल्यू, एसई, एच) | एचक्यूईएनसी-14<br>एनडीएमबीआई-32 |

(क्रमशः)

| क्र. सं. | ट्रेड | प्रशिक्षुता स्कूलों में ट्रेड | रिक्तियों का वर्गीकरण* (*परिवर्तन के अधीन) | | | | | | | | कार्यात्मक आवश्यकता के अनुसार कार्य के लिए उपयुक्त विकलांगता श्रेणियां | कमान/ मुख्यालय/ यूनिटवार रिक्तियों का ब्यौरा |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अजा | अजजा | अपिव | ईडब्ल्यूएस | अना | कुल | समानांतर आरक्षण | | | |
| | | | | | | | | | पीडब्ल्यूबी-डीएस | भूपूसै | | |
| (ढ) | **टेलर** | टेलर (जनरल)/टेलर | 01 | 01 | 03 | 01 | 11 | **17** | 01 | 01 | (क) 01 - बौ, श्रबा<br>(एस, एसटी, डब्ल्यू, एसई) | एचक्यूईएनसी-03<br>एचक्यूडब्ल्यूएनसी-03<br>एनडीएमबीआई-11 |
| (ण) | **वेल्डर** | वेल्डर (गैस और इलेक्ट्रिसिटी)/वेल्डर | 13 | 06 | 29 | 08 | 33 | **89** | **03** | 08 | (क) 01- ब, श्रबा<br>(ख) 01- एपै, बौ, एहपी<br>(ग) 01- एएसडी (एम), एसएलडी, एमआई अथवा एमडी जिसमें ब, श्रबा, एपै, बौ, एहपी, एएसडी (एम), एसएलडी, एमआई शामिल हैं.<br>(एस, एसटी, डब्ल्यू, बीएन, एमएफ, एसई) | एचक्यूईएनसी-13<br>एचक्यूडब्ल्यूएनसी-01<br>एनडीएमबीआई-75 |
| (त) | **रडार फिटर** | रडार फिटर/मैकेनिक रेडियो रडार एयरक्राफ्ट/ इलेक्ट्रॉनिक्स मैकेनिक | 04 | 01 | 10 | 03 | 19 | **37** | **01** | 03 | (क) 01- एहा, दोहा, एपै, एहापै, सीपी, कुउ, बौ, एहपी<br>(एस, एसटी, डब्ल्यू, बीएन, आरडब्ल्यू, एसई, एच, सी) | एचक्यूईएनसी-11<br>एचक्यूएसएनसी-02<br>एचक्यूडब्ल्यूएनसी-01<br>एनडीएमबीआई-23 |
| (थ) | **रेडियो फिटर** | रडार फिटर/मैकेनिक रेडियो रडार एयरक्राफ्ट/ इलेक्ट्रॉनिक्स मैकेनिक | 03 | 02 | 06 | 01 | 09 | **21** | 01 | 02 | (क) 01- दृही, अदृ<br>(एस, एसटी, बीएन, डब्ल्यू, एल, एमएफ, एसई) | एचक्यूईएनसी-03<br>एचक्यूडब्ल्यूएनसी-01<br>एनडीएमबीआई-17 |
| (द) | **रिग्गर** | रिग्गर/कारपेंटर | 07 | 04 | 12 | 06 | 26 | **55** | 03 | 07 | (क) 01-एहा, एपै, एहापै, सीपी, कुउ, बौ, एहपी<br>(ख) 01-एएसडी (एम), एमओडी, आईडी, एसएलडी, एमआई<br>(ग) 01-एमडी जिसमें दृही, अदृ, ब, श्रबा और उपरोक्त (क) से (ख) शामिल हैं.<br>(एस, एसटी, डब्ल्यू, बीएन, आरडब्ल्यू, एसई, एच, सी) | एचक्यूईएनसी-07<br>एचक्यूएसएनसी-04<br>एचक्यूडब्ल्यूएनसी-16<br>एनडीएमबीआई-28 |
| (ध) | **शिपराइट** | शिपराइट वुड/कारपेंटर | 17 | 04 | 25 | 10 | 46 | **102** | 06 | 11 | (क) 02-अदृ<br>(ख) 01-ब, श्रबा<br>(ग) 01-एएसडी (एम), एसएलडी एमआई<br>(घ) 02-एमडी<br>जिसमें अदृ, ब, श्रबा, एपै, सीपी, कुउ, बौ, एहपी, एएसडी (एम), एसएलडी, एमआई शामिल हैं.<br>(एस, एसटी, बीएन, केसी, एमएस, एसई) | एचक्यूईएनसी-28<br>एचक्यूडब्ल्यूएनसी-17<br>एनडीएमबीआई-57 |
| **वैकल्पिक (गैर-निर्दिष्ट) ट्रेड** | | | | | | | | | | | | |
| (न) | **ब्लैक स्मिथ** | फोर्जर और हीट ट्रीटर/ ब्लैक स्मिथ | 01 | 00 | 02 | 00 | 04 | **07** | 00 | 00 | - | एचक्यूएसएनसी-02<br>एचक्यूडब्ल्यूएनसी-04<br>एनडीएमबीआई-01 |
| (प) | **बॉयलर मेकर** | बॉयलर मेकर | 03 | 01 | 05 | 02 | 10 | **21** | 01 | 02 | (क) 01- ब, श्रबा<br>(एस, एसटी, डब्ल्यू, बीएन, पीपी, एमएफ, एसई) | एनडीएमबीआई-21 |
| (फ) | **सिविल वर्क** | मैसन बिल्डिंग कंस्ट्रक्टर | 05 | 02 | 11 | 03 | 17 | **38** | 01 | 04 | (क) 01- ब, श्रबा<br>(एस, एसटी, डब्ल्यू, बीएन, आरडब्ल्यू, एसई, एच, सी) | एचक्यूईएनसी-03<br>एनडीएमबीआई-35 |
| (ब) | **कम्प्यूटर फिटर** | कम्प्यूटर फिटर/आईटी एंड ईएसएम/इलेक्ट्रॉनिक्स मैकेनिक/आई एंड सीटीएसएम | 01 | 01 | 03 | 01 | 06 | **12** | 01 | 01 | (क) 01- एहा, एपै, कुउ, बौ, एहपी<br>(एस, एसटी, डब्ल्यू, बीएन, एमएफआरडब्ल्यू, एसई) | एचक्यूईएनसी-01<br>एनडीएमबीआई-11 |
| (भ) | **इलेक्ट्रॉनिक फिटर** | इलेक्ट्रॉनिक फिटर/ इलेक्ट्रॉनिक्स मैकेनिक | 06 | 03 | 12 | 04 | 22 | **47** | 02 | 04 | (क) 02-अदृ<br>(एस, एसटी, डब्ल्यू, एमएफ, एसई, एच, सी) | एचक्यूईएनसी-01<br>एचक्यूएसएनसी-02<br>एचक्यूडब्ल्यूएनसी-04<br>एनडीएमबीआई-40 |
| (म) | **गियरो फिटर** | गियरो फिटर/मैकेनिक रेडियो रडार एयरक्राफ्ट | 00 | 00 | 02 | 00 | 05 | **07** | 00 | 01 | - | एनडीएमबीआई-07 |
| (य) | **मशीनरी कंट्रोल फिटर** | इंस्ट्रूमेंट मैकेनिक | 01 | 00 | 02 | 00 | 05 | **08** | 00 | 01 | - | एनडीएमबीआई-08 |
| (र) | **सोनार फिटर** | सोनार फिटर/मैकेनिक रेडियो रडार एयर क्राफ्ट/ इलेक्ट्रॉनिक्स मैकेनिक | 01 | 01 | 04 | 01 | 12 | **19** | 01 | 02 | (क) 01-दृही, अदृ<br>(एस, एसटी, डब्ल्यू, बीएन, केसी, आरडब्ल्यू, एल, एमएफ, एसई) | एचक्यूईएनसी-11<br>एनडीएमबीआई-08 |
| (ल) | **वेपन फिटर** | वेपन फिटर/फिटर | 08 | 02 | 13 | 04 | 20 | **47** | 02 | 05 | (क) 01-ब, श्रबा<br>(ख) 01-एसएलडी, अथवा एमडी जिसमें ब, श्रबा, एहा, कुउ, बौ, एहपी, एसएलडी शामिल हैं.<br>(एस, एसटी, डब्ल्यू, बीएन, एल, केसी, एमएफ, आरडब्ल्यू, एसई, सी) | एचक्यूईएनसी-11<br>एचक्यूडब्ल्यूएनसी-01<br>एनडीएमबीआई-35 |
| (श) | **हॉट इंसूलेटर** | हॉट इंसूलेटर | 00 | 00 | 00 | 00 | 03 | **03** | 00 | 00 | - | एचक्यूएसएनसी-02<br>एनडीएमबीआई-01 |
| (ष) | **शिप फिटर** | शिप फिटर/पाइप फिटर/ प्लम्बर फिटर | 02 | 00 | 05 | 02 | 08 | **17** | 01 | 02 | (क) 01-एएसडी (एम), एसएलडी, एमआई, अथवा एमडी जिसमें ब, श्रबा, एएसडी (एम), एसएलडी, एमआई शामिल हैं.<br>(एस, एसटी, डब्ल्यू, बीएन, एमएस, आरडब्ल्यू, एसई, एच, सी) | एचक्यूएसएनसी-02<br>एनडीएमबीआई-15 |
| (स) | **जीटी फिटर** | जीटी फिटर/मैकेनिक डीजल | 05 | 02 | 08 | 03 | 18 | **36** | 01 | 04 | (क) 01-अदृ<br>(एस, एसटी, डब्ल्यू, बीएन, आरडब्ल्यू, एसई, एच, सी, एमएफ) | एचक्यूईएनसी-10<br>एनडीएमबीआई-26 |
| (ह) | **आईसीई फिटर क्रेन** | आईसीई फिटर क्रेन/क्रेन ऑपरेटर ओवरलोड (स्टील इंडस्ट्री)/मैकेनिक डीजल | 13 | 05 | 26 | 07 | 38 | **89** | 02 | 07 | (क) 02-अदृ<br>(एस, एसटी, डब्ल्यू, बीएन, आरडब्ल्यू, एसई, एच, सी, एमएफ) | एचक्यूईएनसी-20<br>एचक्यूएसएनसी-01<br>एचक्यूडब्ल्यूएनसी-16<br>एनडीएमबीआई-52 |
| | | **कुल** | **215** | **93** | **385** | **141** | **697** | **1531** | **61** | **150** | – | – |

(क्रमशः)

***विकलांगजनों के लिए अपेक्षित शारीरिक उपयुक्तता** – सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय द्वारा पहचान किए गए पदों के अनुसार. निम्नांकित बेंचमार्क विकलांगता की उपयुक्त श्रेणियों से सम्बद्ध विकलांगजन तद्नुरूप पद के लिए आवेदन कर सकते हैं:-

| बेंचमार्क विकलांगता की उपयुक्त श्रेणियां |
|---|
| दृबा (दृही, अदृ), श्रबा (ब. श्रबा), अवि (एहा, दोहा, दोपै, एहापै, सीपी, एलसी, बौ, एहपी और अन्य (एएसडी (एम, एमओडी), एसएलडी, आईडी, एम, एमआई और बहु-विकलांगता)) |

**नोट:**- उम्मीदवारों के पास आवेदन करने से पहले सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी विकलांगता प्रमाणपत्र अवश्य होना चाहिए, जो भारत सरकार/डीओपी एंड टी कार्यालय ज्ञापन संख्या 36035/1/2012-स्था. (आरक्षण) दिनांक 29 नवंबर, 2013 और 36035/2/02/2017-स्था. (आरक्षण) दिनांक 15 जनवरी, 2018 में निर्दिष्ट प्रारूप में जारी किया गया हो. यह प्रारूप निम्नांकित लिंक **www.joinindiannavy.gov.in > Join Navy > Ways to Join > Civilian > Tradesman Skilled** पर भी उपलब्ध है. यह टैब भर्ती पोर्टल से लिंक है. आवेदन का प्रारूप 'Important Documents' के अंतर्गत भर्ती पोर्टल पर उपलब्ध है.

2. **प्रयुक्त संकेताक्षर: अना**-अनारक्षित, **अजा**-अनुसूचित जाति, **अजजा**-अनुसूचित जनजाति, **अपिव**-अन्य पिछड़े वर्ग, **पीडब्ल्यूबीडीएस**-बेंचमार्क विकलांगताओं से सम्बद्ध व्यक्ति, **ईडब्ल्यूएस**-आर्थिक दृष्टि से कमजोर वर्ग, **टीएम**-एसकेएल-ट्रेड्समैन स्किल्ड, **भूपूसै**- भूतपूर्व सैनिक, **दृबा**-दृष्टिबाधित, **अवि**-अस्थि विकलांग, **एस**-सिटिंग, **एसटी**-स्टैंडिंग, **डब्ल्यू**-वॉकिंग, **बीएन**-बेंडिंग, **एल**-लिफ्टिंग, **केसी**-नीलिंग एंड क्राउचिंग, **पीपी**- पुलिंग एंड पुशिंग, **एमएफ**-मैनिपुलेशन विद फिंगर्स, **एसई**-सीइंग, **एच**-हीयरिंग, **सी**-कम्युनिकेशन, **आरडब्ल्यू**-रीडिंग एंड राइटिंग, **दृही**-दृष्टिहीन, **अदृ**-अल्प दृष्टि, **ब**-बधिर, **श्रबा**-श्रवण बाधित, **एहा**- एक हाथ, **दोहा**-दोनों हाथ, **ऐपै**- एक पैर, **दोपै**-दोनों पैर, **एहापै**-एक हाथ और एक पैर, **सीपी**-सेरेब्रल पल्सी, **कु.उ.**-कुष्ठरोग उपचारित, **बौ**-बौना, **एहपी**-एसिड हमला पीड़ित, **एएसडी (एम, एमओडी)**-ऑटिज्म स्पैक्ट्रम डिसार्डर (**एम**-माइल्ड, **एमओडी**-मॉडरेट), **आईडी**-इंटेलैक्चुक्ल डिसेबिलिटी, **एचक्यूईएनसी**-मुख्यालय पूर्वी नौसेना कमान, **एचक्यूएसएनसी**-मुख्यालय, दक्षिणी नौसेना कमान, **एचक्यूडब्ल्यूएनसी**-मुख्यालय पश्चिमी नौसेना कमान, **एनडीएमबीआई**-नौसेना डॉकयार्ड, मुम्बई.
3. **आरक्षण:**- अजा/अजजा/अपिव/ईडब्ल्यूएस/पीडब्ल्यूबीडीएस/भूपूसै श्रेणियों के लिए आरक्षण भारत सरकार के प्रचलित आदेशों के अनुसार उपलब्ध है. आरक्षित रिक्तियां, अजा, अजजा, अपिव, ईडब्ल्यूएस श्रेणियों के पात्र उम्मीदवारों से अलग से भरी जाएंगी. इसका अर्थ है कि ये रिक्तियां अजा, अजजा, अपिव, ईडब्ल्यूएस श्रेणियों के उन उम्मीदवारों से भरी जाएंगी, जो अना श्रेणी की डायरेक्ट सूची में अंतिम सामान्य उम्मीदवार से नीचे होंगे अथवा अजा/अजजा/अपिव से सम्बद्ध ऐसे उम्मीदवार, जिन्होंने योग्यता सूची में भले ही कोई स्थान प्राप्त किया हो, लेकिन आयु में छूट प्राप्त की हो. इसी प्रकार पीडब्ल्यूबीडीएस और भूपूसै के लिए आरक्षित पद सम्बद्ध श्रेणी के ऐसे पात्र उम्मीदवारों से भरे जाएंगे, जो अना श्रेणी की मैरिट सूची में अंतिम सामान्य उम्मीदवार से नीचे रैंक रखते हों, परंतु, आयु सीमा आदि शिथिल मानदंडों के आधार पर भी नियुक्ति के लिए उपयुक्त हों. पीडब्ल्यूबीडीएस और भूपूसै के लिए आरक्षण समानांतर आरक्षण की श्रेणी के अंतर्गत आता है, जो वर्टीकल आरक्षण अर्थात् अजा/अजजा/अपिव/ईडब्ल्यूएस के लिए आरक्षण में आरक्षण (अर्थात् इंटर-लॉकिंग आरक्षण) कहा जाता है. पीडब्ल्यूबीडीएस और भूपूसै कोटा के अंतर्गत चुने गए उम्मीदवारों को अना/अजा/अजजा/अपिव/ईडब्ल्यूएस की उपयुक्त श्रेणी में समायोजित किया जाएगा.
4. **आयु सीमा:** निर्णायक तारीख को आयु 18 और 25 वर्ष के बीच होनी चाहिए, जिसमें निम्नांकित अनुसार छूट दी जाएगी:-

(क) केन्द्र सरकार द्वारा समय-समय पर जारी आदेशों और अनुदेशों के अनुसार सरकारी कर्मचारियों को पांच वर्ष तक छूट दी जाएगी, जिसमें अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के मामले में 5 वर्ष की अतिरिक्त छूट होगी.

(ख) प्रशिक्षु उम्मीदवारों को प्रशिक्षुता प्रशिक्षण की अवधि के समान आयु में छूट दी जाएगी.

5. **शैक्षिक और अन्य योग्यताएं:-**

| | |
|---|---|
| (क) | **अनिवार्य:**- मान्यताप्राप्त संस्थान या बोर्ड से मैट्रिकुलेशन या समकक्ष योग्यता प्राप्त की हो और अंग्रेजी की जानकारी हो. |
| (ख) | सम्बद्ध ट्रेड में प्रशिक्षुता प्रशिक्षण पूर्ण किया हो.<br>**अथवा**<br>मैकेनिक या समकक्ष योग्यता के साथ सेना, नौसेना और वायु सेना की समुचित तकनीकी शाखा में दो वर्ष की नियमित सेवा पूरी की हो. |
| **नोट:**- अन्यथा योग्य उम्मीदवारों के मामले में नियोक्ता प्राधिकारी अपने विवेक से योग्यताओं में छूट दे सकते हैं. | |

6. **भर्ती की पद्धति: ये पद नौसेना के पूर्व प्रशिक्षुओं (भारतीय नौसेना के डॉकयार्ड प्रशिक्षुता स्कूलों के पूर्व प्रशिक्षुओं) में से चयन के आधार पर उन उम्मीदवारों से भरे जाएंगे, जो 'आयु सीमा' और 'आयु में छूट और निर्णायक तारीख' शीर्षक के अंतर्गत वर्णित आयु संबंधी मानदंड पूरे करते हों.** उम्मीदवार ने राष्ट्रीय व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद अथवा नौसेना प्रशिक्षुता स्कूल द्वारा जारी प्रशिक्षुता प्रमाणपत्र प्राप्त किया हो, जिसमें अंक दर्शाए गए हों.
7. **दायित्वों/कार्य अपेक्षाओं का स्वरूप संक्षेप में:**- प्रशिक्षित ट्रेड्समैन को अपने ट्रेड के अनुसार उपकरणों/संरचनाओं की मरम्मत करनी होगी तथा जहाजों और पनडुब्बियों को री-फिट करना होगा. उन्हें जहाजों/पनडुब्बियों में ऑन-बोर्ड और शॉप-फ्लोर, दोनों जगह काम करना होगा. ट्रेडवार ड्यूटी/कार्य अपेक्षाओं का स्वरूप नीचे दिया गया है:-

(क) **इलेक्ट्रिकल फिटर:**- जेनरेटरों, कन्वर्टरों, मोटरों, आर्मेचर्स, ट्रांसफार्मर्स आदि सहित सभी इलेक्ट्रिकल रोटेरी मशीनों की रीवाइंडिंग. उन्हें शॉप-फ्लोर और स्टेटर्स, रोटर्स, आर्मेचर्स, डायनेमो, इग्नेटर्स, टेको जेनरेटर्स, डीसी मोटर आदि की स्व-स्थाने मरम्मत भी करनी होगी.

(ख) **इलेक्ट्रोप्लेटर:**- यार्ड में सभी इलेक्ट्रोप्लटिंग गतिविधियां जैसे हार्ड क्रोम, निकल, तांबा, टिन, जिंक और लीड प्लेटिंग. विभिन्न प्रकार की लो पावर बैटरीज की कमिशनिंग और क्षमता परीक्षण, पनडुब्बियों की मुख्य प्रोपल्शन बैटरीज की लोडिंग/अनलोडिंग.

(ग) **इंजन फिटर:**- मुख्य प्रोपल्शन मशीनरी, अनुषंगी मशीनरी, गवर्नर्स, डेक मशीनरी, फ्लाइट डेक मशीनरी आदि की मरम्मत/ओवरहॉलिंग, संस्थापना और ट्रायल्स. उन्हें सभी प्रकार की मशीनरी, अंडरवाटर वाल्व्स और फिटिंग, मशीनरी के हिस्से पुर्जों की कैमिकल क्लिनिंग, मशीनरी के खराब हिस्से पुर्जों रीक्लेमिंग और जहाजों और पनडुब्बियों पर ऑन बोर्ड उपकरणों का निष्कर्षण और फिटिंग भी करनी होगी.

(घ) **फाउंडरी:**- विभिन्न प्रकार के कोर्स, पैटनर्स, मोल्ड्स और फैटलिंग ऑपरेशनों पर कार्य करना. कास्टिंग ऑपरेशनों पर भी काम करना और कास्टिंग के दौरान उत्पन्न खराबियां दूर करना. विभिन्न भट्टियों पर काम करना और कपोला ऑपरेशन के दौरान होने वाली खराबियों को दूर करना.

(ङ) **पैटर्न मेकर:**- पैटनर्स का निर्माण और उन पर काम करना. वुड वर्किंग मशीनरी और फाउंडरी संबंधी कार्य भी करना.

(च) **आईसीई फिटर:**- जहाजों और पनडुब्बियों पर ऑनबोर्ड मुख्य डीजल इंजनों, रिडक्शन गियर्स और डीजल अल्टरनेटर्स की रिपेयर/ओवर हॉलिंग, संस्थापना और ट्रायल संबंधी कार्य करना, जिनमें लोवरिंग, फाउंडेशन तैयार करना, माउंट्स ग्रुपिंग और अलाइनमेंट जैसे कार्य शामिल हैं. सभी अनुषंगी मशीनरी, फिटिंग्स और जहाजों पर ऑनबोर्ड डीजल इंजनों से संबंधित असोसिएटिड प्रणालियों की फिटमेंट. उन्हें जहाजों और पनडुब्बियों पर ऑनबोर्ड लगे विभिन्न प्रकार के डीजल इंजनों, डीएज़ और रिडक्शन गियर्स की प्रमुख और नियमित मरम्मत भी करनी होगी.

(छ) **इंस्ट्रूमेंट फिटर:**- जहाजों और पनडुब्बियों पर ऑनबोर्ड लगे पावर और इलेक्ट्रिक उपकरणों की नियंत्रण प्रणालियों से संबंधित कार्य करना. वे स्विचबोर्ड नियंत्रण प्रणालियों, सिग्नल कंडिशनिंग, आंकड़ा संग्रह और कन्वशर्न्स तथा विद्युत मापन आदि कार्यों के लिए भी जिम्मेदार होंगे.

(ज) **मशीनिस्ट:**- स्वचालित लेथ, मल्टी-स्पाइंडल लेथ, क्रैंक टर्निंग लेथ आदि जैसे ट्रेड से संबंधित विशेष मशीन टूल्स का इस्तेमाल करना. 3-एक्सिस, 5-एक्सिस सीएनसी मशीनों जैसे अत्याधुनिक मशीनों का इस्तेमाल करना, मैटल डिपोजिशन और अन्य तरीकों से मशीनरी के खराब घटकों का रिक्लेमेशन, स्टील्स का हीट ट्रीटमेंट, विशेष उपकरणों का विनिर्माण, जिग्स एंड फिक्सचर्स और डाई मेकिंग मैटिरियल तथा मेट्रोलॉजी संबंधी कार्य.

(झ) **मिल राइट:**- लेथ, मिलिंग, बोरिंग, ड्रिलिंग और ग्राइंडिंग ऑपरेशन्स. मशीनों, संस्थापनाओं की मरम्मत और ओवरहॉलिंग तथा मशीनों की फाउंडेशन का निर्माण.

(ञ) **पेंटर:**- अंडरवाटर जंगरोधी पेंट्स, एंटी-फाउलिंग पेंट्स, बूट टॉपिंग और अन्य प्रकार के प्राइमर्स तथा विभिन्न प्रकार के पेंट्स और कलर स्कीमों का जहाजों और पनडुब्बियों पर ऑनबोर्ड इस्तेमाल करना. सैंड ब्लास्टिंग, ग्रिट/शॉट ब्लास्टिंग, वेक्यूम ब्लास्टिंग आदि के जरिए सतह का निर्माण करना. मैकेनिकल और ऑप्टिकल स्पेसिंग, मानकीकृत लेटेरिंग स्कीम्स, मैकेनिकल इंजीनियरी लेटेरिंग आदि कार्यों का संचालन भी करना होगा.

(ट) **प्लेटर:**- प्लेट तैयार करना, प्राइमिंग और मेकिंग, रिवेटिंग कार्य, एक या दो दिशाओं में कर्वेचर के साथ शेल प्लेट्स विकसित करना, स्टील प्लेट्स और सेक्शन्स की कोल्ड और हॉट बैंडिंग, प्रीफैब्रिकेटिड पैनल और सर्वे की लिफ्टिंग/हैंडलिंग, वाटर और एयर टाइटनेस के लिए कंपार्टमेंट्स और टैंकों का परीक्षण, एयर प्रेशर टैस्ट और सिटाडल ट्रायल्स आदि कार्य.

(ठ) **शीट मेटल वर्कर:**- यार्ड में की जाने वाली सभी प्रकार की शीट मेटल प्रक्रियाएं संचालित करना. एक या दो दिशाओं में कर्वेचर वाली शेल प्लेट्स का विकास. स्टील प्लेट्स और सेक्शन की कोल्ड और हॉट बैंडिंग, स्टील मैटल रिवेटिंग को जोड़ना, स्पॉट वैल्डिंग, सोल्डरिंग आदि, जहाजों और पनडुब्बियों पर ऑनबोर्ड फिट तथा फैब्रिकेट के लिए अपेक्षित विभिन्न प्रकार की पैनलिंग, कोल्ड रूम/कूल रूम और इनसाइट जीटी इन्टेक्स में पैनलिंग. विभिन्न प्रकार की वेटिलेशन और एग्जास्ट प्रणालियों और ट्रंकिंग प्रबंधों, जहाजों के हैंगर शटर्स, पर्फोरेटिड स्ट्रेनर्स, फिल्टर, ब्लोअर इम्पेलर्स, मोटर कास्टिंग्स आदि कार्य भी करने होंगे.

(ड) **पाइप फिटर:**- विभिन्न प्रकार की सामग्री का इस्तेमाल करते हुए विभिन्न रूपों और आकारों की पाइप और सम्बद्ध फिटिंग्स का विनिर्माण तथा जहाजों और पनडुब्बियों पर उनकी ऑनबोर्ड फिटमेंट, पाइपों की कैमिकल क्लिनिंग, पाइपों की अनेलिंग, हार्डेनिंग और बर्निंग, पाइपों की हॉट और कोल्ड बैंडिंग, पाइपों की गेजिंग और टैम्प्लेटिंग, पाइप प्रणालियां पूरी करने के लिए प्रयुक्त विभिन्न प्रकार के जाइंट्स और फिटिंग्स का विनिर्माण और फैब्रीकेशन, विभिन्न रूपों और आकारों और विभिन्न प्रकार की सामग्री से बने वाल्व्स की मरम्मत. विभिन्न ऑनबोर्ड प्रणालियों का सर्वेक्षण, फैब्रीकेशन, टेस्टिंग और निरीक्षण.

(ढ) **रेफ्रिजरेशन और एयरकंडीशनिंग:**- विभिन्न प्रकार की एयरकंडीशनिंग और रेफ्रिजरेशन प्लांटों की ओवर हॉलिंग और मरम्मत. प्लांट के प्रेशर परीक्षण, वैक्यूम परीक्षण, चार्जिंग और ट्रायल संबंधी कार्य करना. इलेक्ट्रिकल साइड को छोड़कर रेफ्रिजरेशन और एसी प्लांटों का परीक्षण, रख-रखाव और मरम्मत. प्लांटों में लगे एवं प्रयुक्त सभी उपकरणों और कट-आउट्स/अलार्म्स का कैलिब्रेशन और टैस्टिंग. कॉइल्स, कंडेंसर सेल्स, एटीयूज़ आदि की शॉप फ्लोर पर कैमिकल क्लिनिंग. सील्ड यूनिट कम्प्रेशर और घरेलू रेफ्रिजरेशन और एसी मशीनों की मरम्मत.

(ण) **टेलर:**- सभी जीवन रक्षक उपकरणों के फैब्रिक हिस्से की सर्विसिंग और तत्संबंधी नियमित कार्य. बोएन्सी चैम्बर पैनल्स, कैनोपी पैनल्स, टोइंग ब्रिडल और टाइटनिंग स्ट्रैप की मरम्मत और नवीकरण. जीवन रक्षक उपकरणों का प्रत्येक मरम्मत और सर्विसिंग कार्य पूरा होने पर उनका व्यापक परीक्षण करना तथा एसओएलएएस नियमों के अनुसार सभी प्रकार के जीवन रक्षक रैफ्ट्स की पैकिंग.

(त) **वेल्डर:**- जहाजों और पनडुब्बियों पर ऑनबोर्ड वेल्डिंग, ब्रेजिंग, सोल्डरिंग, मैटेलाइजिंग. विभिन्न प्रकार के वेल्डिंग कार्य करना जैसे - एमआईजी, टीआईजी, मैटल आर्क, सब-मर्ज्ड आर्क, अल्ट्रासोनिक आदि, ऑनबोर्ड वैसल्स, जोइंट्स की वेल्डिंग और वेल्डिंग में त्रुटियां दूर करना. इसके अलावा जहाजों पर ऑनबोर्ड और शॉप फ्लोर में ऑक्सी-ऐसेटिलेंट, एलपीजी, प्लैज्म और अल्ट्रा हाई प्रेशर वाटर कटिंग का इस्तेमाल करते हुए प्लेट्स, शीट्स और अन्य लौह तथा अलौह धातुओं की कटिंग करना. इसमें विभिन्न पद्धतियों का इस्तेमाल करते हुए वेल्ड ज्वाइंट्स की स्वचालित और अर्द्ध स्वचालित प्रक्रियाओं तथा नोन-डिस्ट्रेक्टिव परीक्षण पद्धतियों का इस्तेमाल करना भी शामिल है.

(थ) **रडार फिटर:**- जहाजों और पनडुब्बियों पर ऑनबोर्ड फिटिड सभी रडार प्रणालियों, ट्रांसमीटरों, एंटीना, डिस्प्लेज़ आदि की मरम्मत, रख-रखाव, संस्थापना, कार्य सेटिंग और ट्रायल्स.

(द) **रेडियो फिटर:**- जहाजों और पनडुब्बियों पर ऑनबोर्ड फिटिड सभी संचार प्रणालियों की मरम्मत, रख-रखाव, संस्थापना कार्य सेटिंग और ट्रायल्स.

(ध) **रिग्गर:**- जहाजों की डॉकिंग/अन-डॉकिंग, बर्थिंग और रैपिंग के दौरान रिगिंग मैटिरियल संबंधी कार्य. इसके अलावा रिग्गिंग सामग्री के लिए लोड परीक्षण और लोड गणना करना, फैंडर्स, हैरिकेन हासर्स, कैप्स्टन्स, मास्ट, अरेस्टर वायर्स, पुलेज, ब्लॉक्स और टैकल्स आदि की मरम्मत और रख-रखाव. इसके अलावा पाइप स्कैफोल्डिंग, क्विक स्कैफोल्डिंग, ट्रिस्टल्स आदि सहित सभी स्टेजिंग उपकरणों का निर्माण और रख-रखाव कार्य भी करने होंगे.

(न) **शिपराइट:**- कैसन्स, डॉक गेट्स आदि का प्रचालन, वुडन डॉक्स, डेक प्लैंकिंग बिछाना, ड्राई डॉक्स में जहाजों को सपोर्ट देने के लिए प्रयुक्त कील ब्लॉक्स, क्रेडल्स, शोरिंग, क्रिब्बिंग और अन्य स्ट्रक्चर्स का निर्माण और मरम्मत. बड़े सेक्शन्स के निर्माण के लिए वुड लेमिनेशन और बेंडिंग, कैटामैरन्स, राफ्ट्स, फ्लोट्स, पैंटून्स, मास्ट, स्टेयर्स, लैडर्स आदि का विनिर्माण और वुड वर्किंग मशीनों और पोर्टेबल टूल्स पर काम करना. जीआरपी बोट्स, कलर प्लेट्स और सम्बद्ध फिटिंग्स की सभी प्रकार की मरम्मत तथा रिसाव जांच करने संबंधी कार्य.

(प) **ब्लैकस्मिथ:**- एंकर और चेन केबल का सर्वेक्षण और मरम्मत, चेन केबल्स का लोड परीक्षण, एंकर और एंकर चेन केबल्स से सम्बद्ध विभिन्न प्रकार की फिटिंग्स और एक्सेसरीज का हीट ट्रीटमेंट, रॉट आयरन चेन केबल्स और फोर्ज्ड स्टील केबल्स की जांच और परीक्षण, चेन टेस्टिंग मशीन का नियमित रख-रखाव और भट्टियों से संबंधित विभिन्न प्रकार के कार्य.

(फ) **बॉयलर मेकर्स:**- बॉयलर्स, सुपर हीटर्स और इकोनोमाइजर्स तथा जहाजों पर ऑनबोर्ड सम्बद्ध फिटिंग्स को हटाना और रिफिट करना. बॉयलर विस्तार प्रबंधों, रिफ्रेक्टरी ब्रिक वर्क, बॉयलर प्रेशर पार्ट्स की वेल्डिंग, टैम्प्लेट्स के अनुसार ट्यूब्स की बेंडिंग और सेटिंग, जिग्स एंव फिक्सचर्स के साथ फैब्रिकेशन और कार्य प्रणाली, बॉयलरों की फिटिंग और उपकरणों के लिए प्रयुक्त हॉट इन्सूलेशन और रजिस्टर्स एवं रिकॉर्ड्स का रख-रखाव आदि कार्य.

(ब) **सिविल कार्य:**- यार्ड में भवनों, सड़कों, उद्यानों, फव्वारों, जेटियों, डॉक्स और घाटों का रख-रखाव. शुष्क/गीला कचरा और मलबा एकत्र करना और उसका निपटान करना तथा यार्ड की सीवेज प्रणाली का रख-रखाव.

(भ) **कम्प्यूटर फिटर:**- पीसीबी इंटिग्रेडिट सर्किट्स, मॉड्यूल्स की मरम्मत और हथियारों तथा उनसे सम्बद्ध प्रणालियों की असेम्बलीज और कोडिंग, नियंत्रण और स्थिरीकरण प्रणालियों संबंधी कार्य. विभिन्न उपकरणों, एक्चुएटर्स, रिलेज, स्विचिज, टाइमर सर्किट्स, सेंसर्स, पीसीबीज़ आदि का कैलिब्रेशन और रिफिटिंग. आर्मामेंट अलाइनमेंट और इंस्टालेशन, जहाजों और पनडुब्बियों पर ऑनबोर्ड हथियार उपकरण की नियंत्रण प्रणालियों के सेटिंग कार्य और ट्रायल्स.

(म) **इलेक्ट्रॉनिक्स फिटर:**- पीसीबी इंटिग्रेडिट सर्किट्स, मॉड्यूल्स की मरम्मत और हथियारों तथा उनसे सम्बद्ध प्रणालियों की असेम्बलीज, नियंत्रण और स्थिरीकरण प्रणालियों संबंधी कार्य. विभिन्न उपकरणों, एक्चुएटर्स, रिलेज, स्विचिज, टाइमर सर्किट्स, सेंसर्स, पीसीबीज़ आदि का कैलिब्रेशन और रिफिटिंग. आर्मामेंट अलाइनमेंट और इंस्टालेशन, जहाजों और पनडुब्बियों पर ऑनबोर्ड हथियार उपकरण की नियंत्रण प्रणालियों के सेटिंग कार्य और ट्रायल्स.

(क्रमशः)

(य) **गियरो फिटर:-** गियरो, रिंग लेजर गियरो, फाइबर ऑप्टिक गियरो और मेग्नेटिक कम्पास ऑनबोर्ड शिप्स तथा पनडुब्बियों की मरम्मत, रख-रखाव, संस्थापना और ट्रायल्स. जहाजों और पनडुब्बियों पर ऑनबोर्ड नई पीढ़ी के नेवीगेशन उपकरणों की संस्थापना और कमिशनिंग संबंधी दायित्वों का भी निर्वाह करना होगा.

(र) **मशीनरी कंट्रोल फिटर:-** स्टीम प्रोपल्शन प्लांट्स, बॉयलर कम्बस्टन कंट्रोल सिस्टम, डीजल मेन इंजन और डीए कंट्रोल प्रणालियां, स्टीयरिंग और स्टेबिलाइजर कंट्रोल प्रणालियां, जो लुब्रिकेंट ऑयल और फ्यूल टैंक लेवल कंट्रोल प्रणालियों आदि को नियंत्रित करती हैं, की मरम्मत, ओवर हॉलिंग, संस्थापना और सेटिंग संबंधी कार्य तथा नियंत्रण प्रणालियों के ट्रायल्स आदि कार्य. हाइड्रोलिक, न्यूमेटिक और इलेक्ट्रिक कंट्रोल प्रणालियों में प्रयुक्त कंट्रोल उपकरणों की मरम्मत और उन्हें रिफिट करना. विभिन्न उपकरणों, एक्चुएटर्स, रिलेज़, स्विचिज, टाइमर सर्किट्स, सेंसर्स, पीसीबीज़ आदि की मरम्मत, केलिब्रेशन और रिफिटिंग.

(ल) **सोनार फिटिंग:-** जहाजों और पनडुब्बियों पर ऑनबोर्ड सभी सोनारों, लॉग्स, इको साउंडर्स, अंडरवाटर टेलिफोन्स और अन्य प्रणालियों तथा उनके पीसीबीज़ और मॉड्यूल्स की मरम्मत, रख-रखाव, संस्थापना, कार्य सेटिंग और ट्रायल्स. सभी अंडरवाटर प्रणालियों, सम्बद्ध हल-आउटफिट्स, विन्चेज, टोड ऐरेज की मरम्मत और ओवरहालिंग संबंधी कार्य भी करने होंगे.

(व) **वेपन फिटर:-** जहाजों और पनडुब्बियों के लाइट गन माउंटिंग्स, लांचर्स, टारपीडो ट्यूब्स और माइन लेइंग उपकरण की मरम्मत, रख-रखाव, कार्य सेटिंग और ट्रायल्स. जहाजों और पनडुब्बियों पर ऑनबोर्ड नई गन माउंटिंग्स और लांचर्स की संस्थापना.

(श) **हॉट इंसूलेटर:-** जहाजों और पनडुब्बियों पर ऑनबोर्ड डीजी के मेन स्टीम पाइपों, मेनी फोल्ड्स, बेलोड्स, स्प्रिंग पाइपों, बेंड्स और एग्जास्ट पाइपों की लैगिंग. विभिन्न पंपों, वाल्व्स, एग्जास्ट लाइनों, टर्बाइन्स आदि की भी लैगिंग/रिलैगिंग तथा लैगिंग प्रयोजन के लिए टेम्प्लेट्स का इस्तेमाल.

(ष) **शिप फिटर:-** ताजा जल, स्वच्छता, पंप, फलडिंग और ड्रेनिंग प्रबंधों से संबंधित जहाज और पनडुब्बी सेवाओं का रख-रखाव, मरम्मत और ओवरहालिंग. विभिन्न द्वारों, हैचिज़, स्कूटल्स, मेन होल्स, वेंटिलेशन फ्लैप्स और अन्य संबंधित प्रबंध प्रणालियों और सेवाओं में प्रयुक्त विभिन्न प्रकार के वाल्व्स और रॉड गियरिंग की मरम्मत करना भी शामिल है. जहाजों और पनडुब्बियों, एयरक्राफ्ट लिफ्ट, टेलिस्कोपिक और रोलिंग शटर्स और डोम ओपरेटिंग यंत्रों तथा उनसे संबंधित प्रणालियों में प्रयुक्त गेंटरी, डेविट्स, डेरिक्स आदि विभिन्न प्रकार के उपकरणों की मरम्मत भी करनी होगी.

(स) **जीटी फिटर:-** लोवरिंग, फाउंडेशन तैयारी, माउंट्स ग्रुपिंग और अलाइनमेंट सहित जहाजों पर गैस टर्बाइन्स, रिडक्शन गियर्स और गैस टर्बाइन्स जेनेरेटरों (जीटीजीज़) की संस्थापना. जहाजों पर ऑनबोर्ड जीटी अनुषंगी मशीनरी, फिटिंग्स और सम्बद्ध प्रणालियों का फिटमेंट. जीटीज़ और जीटीजीज़ के सेटिंग कार्य और विभिन्न ट्रायल्स को अंजाम देना. जीटीज़, रिडक्शन गियर्स और जीटीजीज़ की प्रमुख और नियमित मरम्मत करना.

(ह) **आईसीई फिटर क्रेन:-** वाणिज्यिक वाहनों, ट्रैक्टरों, लिस्टर, प्लेटफार्म ट्रक्स, फोर्क लिफ्ट्स और मोबाइल क्रेन ड्राइव करना. मोबाइल क्रेन और लिफ्टिंग, लोवरिंग और स्लेविंग तथा ट्रैवर्सिंग सहित विभिन्न उपकरणों के संचालन के लिए जिम्मेदार होगा.

**नोट:-** ऊपर वर्णित दायित्व प्रतीकात्मक मात्र हैं और संपूर्ण नहीं हैं. भारतीय नौसेना का इस्तेमालकर्ता विभाग प्रस्तावित पद के स्तर के कार्मिक द्वारा आमतौर पर निष्पादित किए जाने वाले दायित्वों की इस सूची में अन्य कार्य भी जोड़ सकता है.

**8. आयु में छूट और निर्णायक तारीखें**

**(क) आयु में छूट**

| क्र.सं. | श्रेणी | उपरी आयु सीमा से परे स्वीकार्य आयु में छूट |
|---|---|---|
| (i) | अजा/अजजा | 05 वर्ष |
| (ii) | अपिव | 03 वर्ष |
| (iii) | पीडब्ल्यूबीडीएस | अना-10 वर्ष, अपिव - 13 (10+3) वर्ष, अजजा/अजजा-15 (10+5) वर्ष, आदि |
| (iv) | भूपूसै | सेना में सेवा की अवधि +03 वर्ष |

**नोट-** सभी अन्य पात्र श्रेणियों के लिए आयु में छूट समय-समय पर जारी भारत सरकार के नियमों के अनुसार दी जाएगी.

(ख) **निर्णायक तारीख:** आयु सीमा और अनुभव के निर्धारण के लिए आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख को आधार बनाया जाएगा. जन्म के प्रमाण के रूप में केवल मैट्रिकुलेशन/एसएससी/सम्बद्ध शिक्षा बोर्ड/सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी जन्मतिथि प्रमाणपत्र को स्वीकार किया जाएगा.

9. **चयन पद्धति:** पूर्व नौसैनिक प्रशिक्षुओं का चयन सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार किया जाएगा. अन्य प्रावधान निम्नांकित अनुसार होंगे.

(क) **आवेदनों की जांच:** भारतीय नौसेना ऑनलाइन प्राप्त आवेदनों की विस्तृत जांच नहीं करेगी और उम्मीदवारों को परीक्षा में बैठने की अनुमति देगी. दस्तावेज की जांच परवर्ती चरण में की जाएगी.

(ख) **आवेदनों की संक्षिप्त सूची तैयार करना:** सभी पात्र पूर्व नौसैनिक प्रशिक्षुओं को सामान्यतः चयन के प्रयोजन के लिए लिखित परीक्षा में बैठने की अनुमति दी जाएगी. बुनियादी चयन मानदंड पूरे करने मात्र से कोई आवेदक/व्यक्ति लिखित परीक्षा के लिए स्वतः बुलाए जाने का हकदार नहीं समझा जाएगा. यदि रिक्तियों के अनुपात में प्राप्त आवेदनों की संख्या बहुत अधिक होगी, तो नियोक्ता प्राधिकारी को यह अधिकार सुरक्षित है कि वह आवेदनों की संक्षिप्त सूची तैयार कर सकते हैं. इसके लिए वे उपयुक्त तरीका निर्धारित कर सकते हैं और उस स्थिति में केवल संक्षिप्त सूची में शामिल उम्मीदवारों को ही लिखित परीक्षा के लिए बुलाया जाएगा.

(ग) **लिखित परीक्षा की योजना:** सभी पात्र उम्मीदवारों को लिखित परीक्षा में बैठना होगा, जो ''शैक्षिक और अन्य योग्यता'' शीर्षक के अंतर्गत वर्णित अनिवार्य योग्यता, अर्थात मैट्रिकुलेशन स्तर की वस्तुनिष्ठ प्रकार की होगी, जिसका प्रश्नपत्र (सामान्य अंग्रेजी को छोड़कर) अंग्रेजी और हिंदी में तैयार किया जाएगा, जिसमें निम्नांकित विषय होंगे. परीक्षा की पद्धति के बारे में अनुदेश ई-प्रवेश पत्रक के साथ भेजे जाएंगे. (ई-प्रवेश पत्रक इस लिंक **www.joinindiannavy.gov.in>Join Navy>Ways to Join>Civilian>Tradesman Skilled)** से डाउनलोड किया जा सकता है) यह टैब भर्ती पोर्टल से सम्बद्ध है. एकल परीक्षा प्रश्नपत्र में निम्नांकित पहलू शामिल होंगे:-

| भाग | विषय | अधिकतम अंक |
|---|---|---|
| (i) | सामान्य बुद्धि, तर्क योग्यता | 10 |
| (ii) | संख्यात्मक योग्यता | 10 |
| (iii) | सामान्य अंग्रेजी | 10 |
| (iv) | सामान्य जागरूकता | 20 |
| (v) | परीक्षा का सिलेबस प्रशिक्षुता स्कूल/सम्बद्ध ट्रेड में एनसीवीटी के अनुरूप दिए गए प्रशिक्षण के अनुसार होगा. | 50 |

**(घ) परीक्षा के लिए संकेतात्मक सिलेबस.**

(i) **सामान्य बुद्धि, तर्क योग्यता:** इस प्रश्नपत्र में भाषिक और गैर-भाषिक दोनों प्रकार के प्रश्न शामिल होंगे. परीक्षा में सादृश्य, समानताएं और अंतर, स्थान दृश्यकरण, समस्या समाधान, विश्लेषण, निर्णय, मूल्यांकन करना, चित्र स्मृति, भेद करने की पर्यवेक्षण क्षमता, संबंध धारणाएं, भाषिक और आकृति वर्गीकरण, गणितीय संख्या श्रृंखलाएं, गैर-भाषिक श्रृंखलाएं आदि से संबंधित प्रश्न पूछे जाएंगे. इस भाग में अमूर्त्त विचारों, प्रतीकों और उनके संबंधों, अंक गणितीय गणनाओं और अन्य विश्लेषणात्मक कार्यों से निपटने की उम्मीदवार की योग्यता से संबंधित प्रश्न भी शामिल किए जाएंगे.

(ii) **संख्यात्मक योग्यता:-** इस भाग में संख्या प्रणाली से संबंधित प्रश्न, पूर्णांकों की गणना, दशमलव, भिन्न और संख्याओं के बीच संबंध, बुनियादी गणितीय प्रचालन, प्रतिशत, अनुपात और समानुपात, औसत, ब्याज, लाभ और हानि, डिस्काउंट, समय और दूरी, अनुपात और समय, समय और दूरी आदि जैसे विषय शामिल होंगे.

(iii) **सामान्य अंग्रेजी:** उम्मीदवार की अंग्रेजी भाषा की जानकारी के अतिरिक्त उसके शब्द ज्ञान, व्याकरण, वाक्य रचना, पर्यायवाची, विलोम शब्द और भाषा के सही इस्तेमाल आदि का परीक्षण किया जाएगा.

(iv) **सामान्य जागरूकता:** भारत और इसके पड़ोसी देशों से संबंधित प्रश्न शामिल किए जाएंगे, जिनमें विशेष रूप से खेलों, इतिहास, संस्कृति, भूगोल, अर्थशास्त्र, सामान्य राजनीति और भारतीय संविधान तथा वैज्ञानिक अनुसंधान आदि विषय शामिल होंगे. ये प्रश्न ऐसे होंगे, जिनका उत्तर देने की अपेक्षा किसी भी ऐसे व्यक्ति से की जाती है, जिसने उस विषय का विशेष अध्ययन न किया हो.

(v) **सम्बद्ध ट्रेड में नौसेना प्रशिक्षुता स्कूल में प्रशिक्षण संबंधी सिलेबस:** इस अनुभाग में प्रशिक्षुता स्कूल/एनसीवीटी सिलेबस के अनुसार ट्रेड संबंधी प्रश्न पूछे जाएंगे.

(ङ) **टाई का समाधान:-** यदि चयन परीक्षा में पूर्व नौसैनिक प्रशिक्षुओं में से दो या अधिक के अंक समान होंगे, तो उनमें वरिष्ठता का निर्धारण करने के लिए प्रचलित नियमों के अनुसार निम्नांकित प्रक्रिया अपनाई जाएगी:-

(i) सूची तैयार करने के पहले कदम/मानदंड के रूप में आयोजित की जाने वाली लिखित परीक्षा में प्राप्त अंकों को आधार बनाया जाएगा.

(ii) योग्यता सूची तय करने के लिए अगले कदम के रूप में जन्मतिथि को आधार बनाया जाएगा, जिसमें उम्र में अधिक उम्मीदवार को योग्यता सूची में उच्चतर समझा जाएगा.

(iii) यदि दोनों उम्मीदवारों की जन्मतिथि समान होगी तो वर्णानुक्रम में जिस उम्मीदवार का नाम पहले आएगा उसे वरिष्ठ समझा जाएगा.

(च) **परीक्षा की तारीख:-** लिखित परीक्षा की सही तारीख, समय और स्थान की जानकारी संक्षिप्त सूची में शामिल उम्मीदवारों को उनके पंजीकृत ईमेल आईडी पर भेजी जाएगी. भावी अनुदेशों के लिए वेबसाइट **www.joinindiannavy.gov.in > Join Navy > Ways to Join > Civilian > Tradesman Skilled)** पर उपलब्ध भर्ती पोर्टल समय-समय पर देखा जा सकता है. यह सूचित किया जाता है कि लिखित परीक्षा केवल मुम्बई में आयोजित की जाएगी.

(छ) **स्क्राइब (यदि लागू) :** 40 प्रतिशत और उससे अधिक दृष्टि विकलांगता वाले उम्मीदवारों और सेरेब्रल पल्सी से पीड़ित उम्मीदवार लिखित परीक्षा के लिए स्क्राइब की सहायता प्राप्त कर सकते हैं. लेकिन, तत्संबंधी अनुरोध आवेदन भरते समय किया जाना चाहिए. इसके अतिरिक्त बेंचमार्क विकलांगताओं से सम्बद्ध व्यक्तियों के लिए लिखित परीक्षा आयोजित करने के बारे में सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, विकलांगता कार्य विभाग के कार्यालय ज्ञापन संख्या एफ संख्या 16-110/2003-डीडी-3 दिनांक 26 फरवरी, 2013 के अंतर्गत जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार, ऐसे उम्मीदवारों को परीक्षा में क्षतिपूरक समय दिया जाएगा.

(ज) **नियुक्ति प्रस्ताव:** अस्थायी रूप से चुने गए उम्मीदवारों की नियुक्ति केवल लिखित परीक्षा में उनके योग्यता क्रम के आधार पर की जाएगी. नियुक्ति प्रस्ताव दस्तावेज जांच, चिकित्सा परीक्षा और भारत सरकार तथा नियोक्ता प्राधिकारी द्वारा निर्दिष्ट अनुसार अन्य अपेक्षाएं संतोषजनक ढंग से पूरी किए जाने के अधीन दिया जाएगा.

(झ) **दस्तावेज जांच:-** अस्थायी रूप से चुने गए सभी उम्मीदवारों को दस्तावेज जांच के लिए बुलाया जाएगा. दस्तावेज जांच के समय आयु, शैक्षिक योग्यता, पहचान प्रमाणपत्र, पते की पुष्टि, श्रेणी, जाति वैधता प्रमाणपत्र, प्रशिक्षुता स्कूल प्रमाणपत्र आदि की मूल प्रतियां प्रस्तुत करनी होंगी. दस्तावेज जांच के लिए तारीख और स्थान की जानकारी अस्थायी रूप से चुने गए उम्मीदवारों को उनके डाक/ईमेल आईडी/भारतीय नौसेना की वेबसाइट **www.joinindiannavy.gov.in > Join Navy > Ways to Join > Civilian > Tradesman Skilled** के जरिए दी जाएगी. **प्रचलित नियमों के अनुसार नियुक्ति प्रस्ताव सम्बद्ध प्राधिकारियों द्वारा दस्तावेज की जांच के बाद ही जारी किया जाएगा.**

**10. ऑनलाइन आवेदन के लिए प्रारंभिक और अंतिम तारीख**

| | |
|---|---|
| **आवेदनों का ऑनलाइन पंजीकरण (शुरू होने की तारीख)** | 22 फरवरी, 2022 |
| **पंजीकरण की अंतिम तारीख (बंद होने की तारीख)** | 21 मार्च, 2022 |

**11. ऑनलाइन आवेदन जमा करने के लिए दिशा-निर्देश**

(क) उम्मीदवारों को वेबसाइट **www.joinindiannavy.gov.in > Join Navy > Ways to Join > Civilian > Tradesman Skilled.** का इस्तेमाल करते हुए ऑनलाइन आवेदन करना होगा. ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र भरने से पहले, आवेदकों को सलाह दी जाती है कि वे ऑनलाइन सूचना दिशा-निर्देश पढ़ें और डाउनलोड करें, जिनमें ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र भरने संबंधी अनुदेश दिए गए हैं.

(ख) उम्मीदवारों के पास इस विज्ञापन में वर्णित शैक्षिक योग्यता अवश्य होनी चाहिए और उन्हें अपेक्षित मानदंड पूरे करने चाहिए. इसी प्रकार ऐसे मान्यताप्राप्त बोर्ड/संस्थानों, जहां 'ग्रेड प्वाइंट प्रणाली' अपनाई गई हो, से शैक्षिक योग्यताएं प्राप्त करने वाले उम्मीदवारों को आवेदन करने से पहले सक्षम प्राधिकारियों द्वारा अपने ग्रेड प्वाइंट्स को प्राप्तांक प्रतिशत में रूपांतरित कराना होगा.

(ग) आवेदकों को इस कार्यालय में आवेदन प्रपत्र या किसी अन्य दस्तावेज की कोई अन्य प्रति भेजने की आवश्यकता नहीं है. परंतु, उम्मीदवारों को अपने व्यक्तिगत रिकॉर्ड के लिए आवेदन प्रपत्र का एक प्रिंट आउट अपने पास रखना चाहिए. **ई-प्रवेश पत्रक वेबसाइट www. joinindiannavy.gov.in > Join Navy > Ways to Join > Civilian > Tradesman Skilled से डाउनलोड किया जा सकता है.**

(घ) ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र में उम्मीदवार की किसी गलती के लिए भारतीय नौसेना जिम्मेदार नहीं होगी.

(ङ) उम्मीदवार आवेदन प्रपत्र भरते समय यह अवश्य सुनिश्चित करें कि उन्होंने अपना वैध और सक्रिय ईमेल आईडी तथा मोबाइल नंबर प्रदान किया है, क्योंकि भारतीय नौसेना भर्ती प्रक्रिया के विभिन्न चरणों में सम्पर्क करने के लिए इनमें से किसी एक माध्यम का इस्तेमाल करेगी. **ईमेल आईडी दर्ज करने के बाद उसमें परिवर्तन की कोई अनुमति नहीं दी जाएगी.** भारतीय नौसेना ईमेल प्राप्त न होने या ईमेल आईडी पासवर्ड खो जाने के लिए जिम्मेदार नहीं होगी.

(च) उम्मीदवारों को पंजीकरण के दौरान उनके द्वारा दिए गए पासवर्ड को याद रखना होगा, क्योंकि इसकी आवश्यकता फिर से लॉगइन करने के लिए पड़ेगी.

(छ) उम्मीदवारों को उनके हित में सलाह दी जाती है कि वे अंतिम तारीख से पर्याप्त समय पहले ऑनलाइन आवेदन करें तथा शुल्क जमा कराने के लिए अंतिम तारीख का इंतजार न करें.


(ज) आवेदकों को एक ही पद के लिए एक से अधिक आवेदन नहीं करने चाहिए. परंतु, यदि अपरिहार्य परिस्थितियों के कारण कोई आवेदक एक से अधिक आवेदन जमा कराता/कराती है, तो उसे यह सुनिश्चित करना चाहिए कि उच्चतर पंजीकरण संख्या वाला आवेदन सभी प्रकार से पूर्ण हो, क्योंकि उसी पर विचार किया जाएगा.

(झ) उम्मीदवारों को नियुक्ति के लिए कमान की पसंद का उल्लेख वरीयता क्रम के अनुसार करना होगा. **इसका उनकी योग्यता पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा.** इस जानकारी का इस्तेमाल भारतीय नौसेना द्वारा नियुक्ति के स्थान का निर्धारण करने के लिए किया जाएगा, ताकि योग्य उम्मीदवारों के संदर्भ में यथासंभव व्यवहार्य नियुक्ति की जा सके.

(क्रमशः)

(ञ) ऑनलाइन आवेदन भरने की प्रक्रिया प्रारंभ करने से पहले कृपया निम्नांकित दस्तावेज की स्कैंड प्रति (जेपीईजी/पीडीएफ फॉर्मेट में वरीयता) तैयार रखें:-

(i) प्लेन व्हाइट बैकग्राउंड के साथ उम्मीदवार का पासपोर्ट आकार का रंगीन फोटोग्राफ, जिसमें चेहरे और आंखों को कवर करने/पर रुकावट डालने की कोई वस्तु न हो. **अपलोड किया जाने वाला फोटोग्राफ तीन महीने से अधिक पुराना नहीं होना चाहिए और उसमें 80 प्रतिशत फेस कवरेज होना चाहिए.** फोटोग्राफ का आकार 50-100 केबी के बीच होना चाहिए. फोटोग्राफ का आकार निम्नांकित अनुसार होना चाहिए:-




(ii) उम्मीदवारों को काली स्याही में सादे सफेद कागज पर अपने हस्ताक्षर करने चाहिए. हस्ताक्षर डिजिटलीकृत नहीं होंगे. इसके लिए पेन से कागज पर किए गए आपके स्वयं के हस्ताक्षर की स्कैंड प्रति भेजी जानी चाहिए. हस्ताक्षर से संबंधित दस्तावेज का आकार 50 से 100 केबी के बीच होना चाहिए.

(iii) उम्मीदवार की जन्मतिथि से संबंधित प्रमाणपत्र/मैट्रिकुलेशन/एसएससी प्रमाणपत्र की एक प्रति.

(iv) मैट्रिकुलेशन प्रमाणपत्र और राष्ट्रीय व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद अथवा किसी नौसैनिक प्रशिक्षुता विद्यालय द्वारा जारी प्रशिक्षुता प्रमाणपत्र, जिसमें अंक दर्शाए गए हों, सहित उम्मीदवार की शैक्षिक योग्यताओं की एक प्रति (400 केबी से अधिक न हो).

(v) उम्मीदवार की जाति/ईडब्ल्यूएस प्रमाणपत्र की एक प्रति, बशर्ते आरक्षित पद के लिए आवेदन किया जा रहा हो (400 केबी से अधिक न हो).

(vi) पीडब्ल्यूबीडीएस के मामले में विकलांगता दर्शाने वाले प्रमाणपत्र और स्क्राइब के लिए पात्रता, यदि लागू हो, संबंधी प्रमाणपत्र की प्रति (400 केबी से अधिक न हो).

(vii) भूतपूर्व सैनिक के मामले में सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी प्रमाणपत्र की एक प्रति (400 केबी से अधिक न हो)

(viii) कोई अन्य दस्तावेज, जो लागू हो (400 केबी से अधिक न हो).

**12. परीक्षा केंद्र में रिपोर्ट करने संबंधी दिशा-निर्देश**

(क) प्रवेश पत्रक पर वर्णित समय और अनुदेशों का पालन **पूरी सख्ती से** किया जाना चाहिए. परीक्षा केंद्र में प्रवेश पत्रक पर निर्दिष्ट रिपोर्टिंग समय के बाद उपस्थित होने वाले उम्मीदवारों को परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी.

(ख) सभी उम्मीदवारों के लिए यह जरूरी है कि वे **अपने साथ प्रवेश पत्रक, आयु, शैक्षिक योग्यता, एनसीवीटी/ प्रशिक्षुता स्कूल प्रमाणपत्र के समर्थन में अपेक्षित मूल दस्तावेज/अनुशंसा पत्र और उनकी स्व-साक्ष्यांकित प्रति तथा फोटो पहचान पत्र (पासपोर्ट/आधार/ड्राइविंग लाइसेंस/सरकार द्वारा जारी आईडी) की मूल प्रति अवश्य साथ लाएं, अन्यथा उम्मीदवारों को परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी और उन्हें अवैध समझा जाएगा.** इसके अतिरिक्त उम्मीदवार की पहचान संदिग्ध होने की स्थिति में उसे परीक्षा में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी.

(ग) प्रवेश पत्रक पर वर्णित उम्मीदवार का नाम हू-ब-हू उसी तरह होना चाहिए जैसा कि मैट्रिकुलेशन प्रमाणपत्र में लिखा गया है. इस शर्त में उन उम्मीदवारों को छूट दी जाएगी, जिन्होंने अपने नाम में परिवर्तन किया हो और उसकी जानकारी राजपत्र में प्रकाशित कराई हो अथवा विवाह के बाद नाम में परिवर्तन आया हो. ऐसी सभी परिस्थितियों में उम्मीदवारों को राजपत्र की प्रति अथवा विवाह पंजीकरण प्रमाणपत्र परीक्षा में बैठते समय जांच के लिए परीक्षक के समक्ष प्रस्तुत करना होगा.

**13. सामान्य अनुदेश/शर्तें**

(क) उपरोक्त पदों के लिए केवल भारतीय नागरिक आवेदन कर सकते हैं.

(ख) उम्मीदवार को यह सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि वे विज्ञापन में वर्णित पात्रता और अन्य शर्तें पूरी करते हैं आवेदन प्रपत्र में दिया गया ब्यौरा सभी प्रकार से सही होना चाहिए. यदि किसी भी स्तर पर यह पाया गया कि आवेदक ने कोई गलत या असत्य जानकारी दी है, तो उसकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी और इस तरह उम्मीदवारी रद्द किए जाने का उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने पर कोई पूर्व-प्रभाव नहीं पड़ेगा.

(ग) आयु, शैक्षिक योग्यता आदि के संदर्भ में पात्रता का निर्धारण **निर्णायक तारीख** (अर्थात् ऑनलाइन पंजीकरण की अंतिम तारीख) को आधार मानकर किया जाएगा.

(घ) आयु में छूट तभी प्रदान की जाएगी, जबकि श्रेणी का उल्लेख ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र के सम्बद्ध कॉलम में समुचित रूप से किया गया हो.

(ङ) उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे भर्ती पूरी होने तक अद्यतन जानकारी/शुद्धिपत्र और किसी तरह के भावी अनुदेशों के लिए नियमित रूप से हमारी वेबसाइट **www.joinindiannavy.gov.in > Join Navy > Ways to Join > Civilian > Tradesman Skilled** देखते रहें (ट्रेड्समैन स्किल्ड टैप बाहरी भर्ती पोर्टल से लिंक है).

(च) अजा/अजजा/ईडब्ल्यूएस उम्मीदवारों के पास जाति प्रमाणपत्र की अद्यतन प्रति होनी चाहिए ताकि वे आयु/अन्य रियायतों का दावा कर सकें और उन्हें मूल प्रमाणपत्र मांगने पर प्रस्तुत करना होगा.

(छ) अपिव के मामले में उम्मीदवारों को मांग पर जाति प्रमाणपत्र **(जो केवल तीन वित्तीय वर्षों के लिए वैध है)** प्रस्तुत करना होगा, जिसमें इस बात का उल्लेख होना चाहिए कि उम्मीदवार 'क्रीमी लेयर' के अंतर्गत नहीं आता है. अपिव प्रमाणपत्र भारत सरकार डीओपी एंड टी ओ एम संख्या 36033/1/2013-स्था. (आरक्षण) दिनांक 27 मई, 2013 और 36036/2/2013-स्था. (आरक्षण) दिनांक 30 मई, 2014 में दिए गए प्रारूप में जारी किया जाना चाहिए. यदि अपिव प्रमाणपत्र ऊपर वर्णित प्रारूप में नहीं होगा, तो उम्मीदवारों को अनारक्षित/सामान्य श्रेणी का उम्मीदवार समझा जाएगा.

(ज) केंद्र सरकार/राज्य सरकार आदि में कार्यरत उम्मीदवारों के मामले में, यदि वे अनापत्ति प्रमाणपत्र प्रस्तुत नहीं कर पाएंगे, तो उनकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी.

(झ) बेंचमार्क विकलांगताओं से सम्बद्ध व्यक्तियों, जो आरक्षण और आयु में छूट का लाभ पाने के इच्छुक हों, के पास कम से कम 40 प्रतिशत विकलांगता के बारे में सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी विकलांगता प्रमाणपत्र होना चाहिए. यह प्रमाणपत्र भारत सरकार डीओपी एंड टी ओ एम संख्या 36035/1/2012-स्था.(आरक्षण) दिनांक 29 नवंबर, 2013 और 36035/02/2017-स्था. (आरक्षण) दिनांक 15 जनवरी, 2018 में दिए गए प्रारूप में जारी किया जाना चाहिए.

(ञ) ईडब्ल्यूएस उम्मीदवारों, जो ईडब्ल्यूएस श्रेणी के अंतर्गत आरक्षण का लाभ प्राप्त करने के इच्छुक हों, को भारत सरकार डीओपी एंड टी ओएम संख्या 36039/1/2019-स्था. (आरक्षण) दिनांक 31 जनवरी, 2019 में दिए गए अनुलग्नक के अनुसार सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी आय एवं संपत्ति प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा.

(ट) ऊपर वर्णित रिक्तियों की संख्या अस्थायी है और परिवर्तनीय है, जो बिना कोई कारण बताए घट/बढ़ सकती है अथवा शून्य हो सकती है. भर्ती प्रक्रिया किसी भी स्तर पर बिना कोई कारण बताए रद्द/स्थगित/निलंबित/समाप्त की जा सकती है.

(ठ) इन पदों के लिए आवेदन करने वाले सशस्त्र सेना कार्मिकों को आयु में छूट/आरक्षण का लाभ प्राप्त करने के लिए भारत सरकार डीओपी एंड टी ओएम संख्या 36034/2/91-स्था. (एससीटी) दिनांक 03 अप्रैल, 1991 में दिए गए प्रारूप में घोषणा अपलोड/प्रस्तुत करनी होगी. ऐसे भूतपूर्व सैनिक, जो केंद्र सरकार/राज्य सरकार के अंतर्गत समूह 'ग' पद पर पहले ही रोजगार प्राप्त कर चुके हैं, को उच्चतर ग्रेड में रोजगार प्राप्त करने के लिए भूतपूर्व सैनिकों के वास्ते निर्धारित आयु में छूट प्रदान की जाएगी. परंतु, ऐसे उम्मीदवार आरक्षण का लाभ उठाने के पात्र नहीं होंगे.

(ड) सभी ट्रेड्स के लिए परीक्षा एक ही दिन केवल एक ही शिफ्ट में आयोजित की जाएगी. तद्नुरूप, उम्मीदवार केवल एक पद/ट्रेड, जिसमें उम्मीदवार ने नौसेना प्रतिष्ठान में प्रशिक्षण प्राप्त किया हो, और एनसीवीटी/प्रशिक्षुता स्कूल प्रमाणपत्र प्राप्त किया हो, के लिए ही आवेदन कर सकते हैं. यदि कोई उम्मीदवार उसके फीडर ट्रेड से भिन्न ट्रेड के लिए आवेदन करता/करती है, तो उसकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी.

(ढ) भर्ती परीक्षा में उम्मीदवारों के अंक और रैंकिंग डीओपी एंड टी ओएम संख्या 39020/1/2016-स्था. (बी) दिनांक 11 जून, 2016, 28 जुलाई 2016 और 21 दिसंबर, 2020 के अनुसार पोर्टल के जरिए सार्वजनिक की जाएगी. उम्मीदवारों को अपने विकल्प का वर्णन ऑनलाइन आवेदन भरते समय करना चाहिए.

(ण) नौसेना में सिविलियन की सीधे भर्ती से संबंधित विभिन्न प्रमाणपत्रों के प्रारूप नौसेना की वेबसाइट **www.joinindiannavy.gov.in > Join Navy > Ways to Join > Civilian > Tradesman Skilled** पर दिए गए हैं. यह टैब भर्ती पोर्टल से लिंक है. यह प्रारूप भर्ती पोर्टल पर 'इंपोर्टेंट डाक्यूमेंट्स' के अंतर्गत उपलब्ध है.

(त) भारतीय नौसेना को यह अधिकार सुरक्षित है कि वह भ्रष्टाचार/अनुचित तरीके अपनाने में लिप्त पाए जाने या कोई महत्वपूर्ण जानकारी छिपाने, तथ्यों को गलत ढंग से पेश किए जाने अथवा अपनी उम्मीदवारी के लिए सिफारिश कराने वाले आवेदकों की उम्मीदवारी रद्द कर सकती है. मोबाइल और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण परीक्षा केंद्रों के भीतर ले जाने पर रोक होगी. परीक्षा के दौरान ऐसे उपकरणों का किसी उम्मीदवार के पास पाया जाना, भले ही वह इस्तेमाल में हो या **स्विच ऑफ हो, अनुचित तरीके का इस्तेमाल समझा जाएगा.** ऐसे सभी उम्मीदवारों को वर्तमान परीक्षा और भविष्य में होने वाली परीक्षाओं में बैठने के अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा. ऐसे उम्मीदवारों के खिलाफ आपराधिक प्रक्रिया भी शुरू की जा सकती है.

(थ) उम्मीदवारों को परीक्षा के दौरान अपने ठहरने/भोजन आदि की व्यवस्था स्वयं करनी होगी. उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे बहुमूल्य/महंगी वस्तुएं परीक्षा केंद्र पर लेकर न आएं, क्योंकि ऐसी वस्तुओं के सुरक्षित रखने की व्यवस्था नहीं की जाएगी. भारतीय नौसेना इस बारे में किसी प्रकार की क्षति के लिए जिम्मेदार नहीं होगी.

**14. परीक्षा केंद्र में उम्मीदवारों के लिए महत्वपूर्ण/सामान्य अनुदेश**

(क) निम्नांकित कृत्यों में संलग्न पाए जाने वाले आवेदकों की उम्मीदवारी भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण में सिरे से खारिज कर दी जाएगी और ऐसे उम्मीदवारों के खिलाफ आपराधिक कार्रवाई/भविष्य में परीक्षाओं में बैठने पर रोक लगाने का विकल्प भी खुला रहेगा. ऐसे उम्मीदवारों को नीचे वर्णित अवधि के लिए भारतीय नौसेना की परीक्षाओं में बैठने से प्रतिबंधित किया जाएगा:-

| क्र. सं. | अनुचित गतिविधि का प्रकार | प्रतिबंध की अवधि |
|---|---|---|
| 1 | परीक्षा से संबंधित सामग्री जैसे प्रश्नपत्र, उत्तर पुस्तिका, रफ शीट, भारतीय नौसेना के उपस्थिति पत्रक की प्रति आदि को परीक्षा हॉल से बाहर ले जाना अथवा परीक्षा के संचालन के दौरान किसी अनधिकृत व्यक्ति को हस्तांतरित करना. | 03 वर्ष |
| 2 | गलत या असत्य ब्यान देना, कोई महत्वपूर्ण तथ्य छुपाना, जाली, अनुचित या फेरबदल किया गया दस्तावेज जमा कराना. | 03 वर्ष |
| 3 | अपनी उम्मीदवारी के लिए किसी अनुचित या अवैध तरीके से समर्थन/सहायता लेना. | 03 वर्ष |
| 4 | परीक्षा हॉल में स्विच ऑन या स्विच आफ स्थिति में मोबाइल फोन पाया जाना. | 03 वर्ष |
| 5 | परीक्षा के दौरान तैनात स्टाफ जैसे सुपरवाइजर, परीक्षक, सुरक्षा गार्ड या भारतीय नौसेना के प्रतिनिधियों आदि के साथ दुर्व्यवहार, उन्हें डराना या धमकाना. | 05 वर्ष |
| 6 | परीक्षा केंद्र में शरारत करना या गड़बड़ी फैलाना और परीक्षा के संचालन में व्यवधान डालना/ अन्य उम्मीदवारों को परीक्षा में न बैठने के लिए उकसाना. | 05 वर्ष |
| 7 | कोई ऐसा उम्मीदवार, जो उसी परीक्षा में परीक्षा संबंधी मामलों के लिए कार्यरत हो. | 05 वर्ष |
| 8 | परीक्षा से संबंधित ढांचे/उपकरणों को क्षति पहुंचाना. | 05 वर्ष |
| 9 | परीक्षा में जाली प्रवेश पत्रक, पहचान प्रमाण पत्रक आदि के साथ प्रवेश करना. | 05 वर्ष |
| 10 | परीक्षा हॉल में अनुचित तरीकों का इस्तेमाल करना, जैसे कागज पर या शरीर के अंगों पर लिखी सामग्री जैसे अनधिकृत स्रोतों से नकल करना आदि. | 05 वर्ष |
| 11 | अपने स्थान पर किसी अन्य को परीक्षा में बैठाना या किसी अन्य के लिए परीक्षा में बैठना. | 07 वर्ष |
| 12 | ब्लु टूथ डिवाइसेस, गुप्त कैमरा, और कोई अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण परीक्षा हॉल में उम्मीदवार के कब्जे में पाया जाना. | 07 वर्ष |
| 13 | प्रश्नपत्र या परीक्षा सामग्री, प्रयोगशाला आदि में स्नैप शॉट लेना, वीडियो तैयार करना. | 07 वर्ष |
| 14 | रिमोट, डेस्क टॉप सॉफ्टवेयर/एप्स/लैन आदि के जरिए परीक्षा टर्मिनल साझा करना. | 07 वर्ष |
| 15 | परीक्षा से पहले, परीक्षा के दौरान या उसके बाद परीक्षा सर्वर, डेटा और परीक्षा प्रणालियों को किसी भी बिंदु पर हैक या मैनिपुलेट करना. | 07 वर्ष |
| 16 | परीक्षा के दौरान आग्नेय शस्त्र/हथियार पाया जाना. | 07 वर्ष |

(ख) किसी भी अन्य ऐसे आधार पर, जो सक्षम प्राधिकारी पर्याप्त समझे, अथवा किसी आवेदक द्वारा परीक्षा के लिए अपनी उम्मीदवारी के संबंध में कोई अनियमित या अनुचित तरीका अपनाए जाने की स्थिति में भी उम्मीदवारी रद्द की जा सकती है.

(ग) साथी, यदि कोई हो, को परीक्षा स्थल या उसके आसपास प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी. अतः उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे किसी व्यक्ति को अपने साथ न लाएं.

(घ) उम्मीदवारों को चाहिए कि वे प्रवेश पत्रक की ध्यानपूर्वक जांच करें और यदि उसमें कोई खामी हो तो उसे परीक्षा से पहले परीक्षक के संज्ञान में लाएं.

(ङ) यह स्पष्ट किया जाता है कि उम्मीदवार भर्ती परीक्षा में अपने जोखिम पर बैठ रहे हैं, अर्थात् आपने यह जांच कर ली है कि आप विज्ञापन में वर्णित योग्यताएं पूरी करते हैं. परीक्षा में प्रवेश अस्थायी आधार पर दिया जाएगा. उम्मीदवार को परीक्षा में बैठने से पहले इस आशय की एक घोषणा पर हस्ताक्षर करने होंगे.

(च) उम्मीदवारों को यह ध्यान देना चाहिए कि पात्रता की शर्तों अर्थात् आयु, शैक्षिक योग्यता आदि की जांच मूल दस्तावेज के संदर्भ में सक्षम प्राधिकारी द्वारा केवल उन उम्मीदवारों के संदर्भ में की जाएगी, जो लिखित परीक्षा में अर्हता प्राप्त करेंगे. उम्मीदवारी विशुद्ध रूप से अस्थायी होगी और निर्धारित पात्रता शर्तें पूरी करने के अधीन होगी.

(छ) पात्रता, उम्मीदवारी स्वीकार या रद्द किए जाने, असत्य जानकारी के लिए दंड देने, चयन पद्धति, परीक्षा का संचालन, चयन और चुने हुए उम्मीदवारों को पदों का आबंटन से संबंधित सभी मामलों में सक्षम प्राधिकारी का निर्णय अंतिम और उम्मीदवारों पर बाध्यकारी होगा तथा इस बारे में किसी पूछताछ/पत्राचार पर ध्यान नहीं दिया जाएगा.

(ज) लिखित परीक्षा/भर्ती पूर्व औपचारिकताएं पूरी करने मात्र से किसी उम्मीदवार को आवेदित पद के लिए नियुक्ति का हकदार नहीं समझा जाएगा. यदि किसी भी स्तर पर यह पाया गया कि आवेदक विज्ञापित पद के लिए पात्रता मानदंड पूरे नहीं करता/करती है, तो उम्मीदवारी रद्द की जा सकती है. चुने हुए पद के लिए किसी व्यक्ति को नियुक्ति आदेश जारी करने के मामले में सक्षम प्राधिकारी का निर्णय अंतिम होगा.

(झ) इस विज्ञापन और/या आवेदन के संदर्भ में किसी भी प्रकार के दावे या विवाद के संदर्भ में कानूनी सुनवाई का अधिकार केवल मुम्बई स्थित अदालतों/न्यायाधिकरणों/फोरम (अदालती अधिकार क्षेत्र) को होगा.

**15. डिस्क्लेमर:**

(क) विज्ञापन में दिए गए नियम एवं शर्तें परिवर्तन के अधीन हैं और उन्हें केवल दिशा-निर्देश समझा जाना चाहिए.

(ख) अनवधान के कारण किसी उम्मीदवार को प्रवेश पत्रक जारी होने अथवा परीक्षा केंद्र में प्रवेश की अनुमति दिए जाने की स्थिति में उसकी उम्मीदवारी किसी भी समय, जब कभी ऐसी स्थिति का पता चलेगा, रद्द कर दी जाएगी और इस बारे में किसी पत्राचार पर ध्यान नहीं दिया जाएगा.

(ग) सुरक्षित दूरी बनाए रखने के प्रबंध किए जाएंगे, फिर भी उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे कोविड-19 दिशा निर्देशों का सख्ती से पालन करें. परीक्षा के लिए यात्रा करते समय भी इन नियमों का पालन अवश्य किया जाना चाहिए. यदि किसी उम्मीदवार को कोविड-19 के लक्षण दिखाई देते हैं, तो उसे परीक्षा में उपस्थित नहीं होना चाहिए और कोविड-19 से संबंधित स्वास्थ्य मंत्रालय के दिशा निर्देशों के अनुसार आइसोलेशन का पालन करना चाहिए.

**16. सभी उम्मीदवारों के लिए चेतावनी:**

**उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे दलालों/जॉब रैकेटियर्स से सावधान रहें, जो अवैध तरीकों से नौकरी के लिए चयन कराने के नाम पर झूठे वायदे से गुमराह कर सकते हैं. चयन विशुद्ध रूप से योग्यता के आधार पर किया जाएगा. इस भर्ती के लिए किसी भी व्यक्ति को किसी तरह का भुगतान करने की आवश्यकता नहीं है. उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे किसी भी तरह से भ्रष्ट तत्वों के झूठे आश्वासनों के बहकावे में न आएं, अथवा उनका शिकार न बनें. उन्हें किसी भी तरह से ऐसे तत्वों को हतोत्साहित करना चाहिए. इस बात पर जोर दिया जा रहा है कि लिखित परीक्षा और चयन प्रक्रिया पूरी तरह से और पारदर्शी ढंग से योग्यता पर आधारित होगी.**

**भारतीय नौसेना में भर्ती पूरी तरह ईमानदारी से की जाती है**

**किसी प्रकार के स्पष्टीकरण/सहायता के लिए, उम्मीदवार हमें निम्नांकित पते पर लिख सकते हैं.**

**ईमेल navaldockmumbai@gmail.com**

**हेल्प डेस्क नंबर : 033-24140047**

# रोजगार के अवसर
**(संक्षिप्त जानकारी)**

### सीजीपीएससी
पद - असिस्टेंट प्रोफेसर
पद संख्या - कुल 156 पद
अंतिम तिथि - 25 मार्च, 2022
https://psc.cg.gov.in./

### इएसआइसी
पद - स्पेशलिस्ट ग्रेड-II आदि
पद संख्या - कुल 24 पद
अंतिम तिथि - 07 मार्च, 2022
https://labour.gov.in/

### ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड
पद - माइनिंग सरदार
पद संख्या - कुल 313 पद
अंतिम तिथि - 10 मार्च, 2022
http://www.easterncoal.gov.in/

### सीएसआइआर-सीआइएमएफआर
पद - प्रोजेक्ट असिस्टेंट प्रोजेक्ट एसोसिएट
पद संख्या - कुल 60 पद
वॉक-इन-इंटरव्यू - 8-15 मार्च, 2022
https://cimfr.nic.in/

### टीएफआरआई, जबलपुर
पद - एमटीएस व अन्य
पद संख्या - कुल 42 पद
अंतिम तिथि - 5 मार्च, 2022
https://tfri.icfre.gov.in/

### नेशनल केमिकल लेबोरेट्री
पद - साइंटिस्ट, सीनियर साइंटिस्ट आदि
पद संख्या - कुल 20 पद
अंतिम तिथि - 10 मार्च, 2022
https://www.ncl-india.org/

### एनबीसीसी (इंडिया) लिमिटेड
पद - असिस्टेंट मैनेजर आदि
पद संख्या - कुल 09 पद
अंतिम तिथि - 4 मार्च, 2022
http://www.easterncoal.gov.in/

### एनपीसीआइएल
पद - नर्स, असिस्टेंट ग्रेड-1
पद संख्या - कुल 42 पद
अंतिम तिथि - 02 मार्च, 2022
htt ps://npcilcareers.co.in/

## सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी

1. प्रदेश के किस जिला प्रशासन द्वारा 'ऑपरेशन अस्मिता' प्रारम्भ किया गया?
(अ) दौसा (ब) कोटा
(स) भीलवाड़ा (द) बूंदी

2. राजस्थान का पहला बोन बैंक किस जिले में है ?
(अ) जयपुर (ब) जोधपुर
(स) कोटा (द) बारां

3. राजस्थान किसान आयोग का अध्यक्ष किसे नियुक्त किया गया है ?
(अ) दीपचंद खेरिया (ब) डॉ. चंद्रभान सिंह
(स) महादेव सिंह खंडेला (द) इनमें से कोई नहीं

4. हाल ही में राजस्थान की मुख्य सचिव बनी है?
(अ) निरंजन आर्य (ब) उषा शर्मा
(स) जसवंत सिंह राठी (द) मुकुल चौधरी

5. गुर्जर जाति का उल्लेख सर्वप्रथम किस शिलालेख/अभिलेख में हुआ है ?
(अ) एहोल अभिलेख (ब) बिजोलिया शिलालेख
(स) बसंतगढ़ शिलालेख (द) उपरोक्त सभी में

6. राजस्थानी साहित्य में "संगीत रागकल्पद्रुम" ग्रंथ के रचियता कौन है ?
(अ) बृजपाल भट्ट (ब) कृष्णानन्द व्यास
(स) गणपत भारती (द) रामामात्य

7. राजस्थान का प्रथम जैविक गाँव 'दादिया गाँव' किस जिले में अवस्थित है ?
(अ) उदयपुर (ब) भरतपुर
(स) अलवर (द) जयपुर

8. हाल ही में किस राज्य सरकार द्वारा फूड प्रोसेसिंग मिशन शुरू किए जाने की घोषणा की गई है ?
(अ) राजस्थान (ब) उत्तर प्रदेश
(स) मध्य प्रदेश (द) इनमें से कोई नहीं

9. हाल ही में 48वां खजुराहो नृत्य महोत्सव कब आयोजित किया जा रहा है?
(अ) 20-26 फरवरी 2022 (ब) 25-26 फरवरी 2022
(स) 27-28 फरवरी 2022 (द) इनमें से कोई नहीं

10. बजट भाषण 2022-23 में मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना की बीमा राशि 05 लाख रूपये प्रति परिवार से बढ़ाकर कितनी की गई है ?
(अ) 06 लाख रूपये (ब) 07 लाख रूपये
(स) 08 लाख रूपये (द) 10 लाख रूपये

11. 'पिक्नोमीटर' का उपयोग किसे मापने के लिए किया जाता है?
(अ) घनत्व (ब) ऊर्जा
(स) गति (द) ऊष्मा

12. प्रकाश का तरंग सिद्धांत को किसने प्रतिपादित किया था ?
(अ) न्यूटन (ब) रदरफोर्ड (स) वेबर (द) हाइगेनस

13. फरवरी 2022 में किस देश ने 'खैबर बस्टर मिसाइल' नामक एक नई मिसाइल का अनावरण किया है?
(अ) ईरान (ब) इराक
(स) कतर (द) इजराइल

14. हाल ही में चर्चा में रहा मिन्स्क समझौता किससे संबंधित है?
(अ) रूस-यूक्रेन विवाद (ब) इजराइल- हमास विवाद
(स) आर्मेनिया-अजरबैजान विवाद (द) इनमें से कोई नहीं

15. निम्नलिखित में से किस देश के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार 'नगदग पेल गि खोरलो' से भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को सम्मानित किया?
(अ) रूस (ब) भूटान
(स) सऊदी अरब (द) नेपाल

**उत्तरमाला**

1(द) 2(स) 3(स) 4(ब) 5(अ) 6(ब) 7(द) 8(अ) 9(अ) 10(द) 11(अ) 12(द) 13(अ) 14(अ) 15(ब)

(पृष्ठ 2 का शेष)

**2021-22 के लिए खेलकूद कोटे के अंतर्गत भर्ती के लिए आवेदन का प्रारूप**
**बंद होने की तिथि : 21.03.2022**

यहाँ अपना हाल ही में प्रमाणित पासपोर्ट आकार फोटो चिपकाएँ

महाप्रबंधक/कार्मिक
भर्ती प्रकोष्ठ,
रेल कोच फैक्टरी,
कपूरथला,
पंजाब-144602

1. क्षेत्र/खेल के लिए आवेदन
क्षेत/खेल....................
एवं क्षेत्रवार ग्रेड वेतन: ग्रेड वेतन रु.________
2. खेल/प्रतिस्पर्धा में खेलने का स्थान ________
3. श्रेणी कोड ________
4. मैट्रिक प्रमाणपत्र के अनुसार नाम (अंग्रेजी के बड़े अक्षरों में)। ________
5. नाम (हिन्दी में) ________
6. पिता का नाम ________
7. पता (पत्राचार) ________
8. पता (स्थाई) ________
9. (i) फोन नम्बर ________ (एसटीडी कोड के साथ)
(ii) मोबाइल नं. ________
10. जाति (अजा/अजजा/अपिव/अनारक्षित) ________
(अजा/अजजा/अपिव प्रमाणपत्र की सत्यापित प्रतियाँ संलग्न करें)
11. जन्म की तिथि ________
(प्रमाणपत्र की सत्यापित प्रतियाँ संलग्न करें)
12. 01.01.2022 का आयु: वर्ष____ माह____ दिवस____
13. शैक्षणिक योग्यता ________
(सत्यापित प्रतियाँ संलग्न करें)
14. अधिसूचना के पैरा-III में वर्णित मानकों के अनुसार खेलकूद उपलब्धियाँ (प्रमाणपत्रों की सत्यापित प्रतियाँ संलग्न करें)

| | |
|---|---|
| (i) | |
| (ii) | |
| (iii) | |
| (iv) | |
| (v) | |
| (vi) | |
| (vii) | |
| (viii) | |
| (ix) | |
| (x) | |

15. फीस जमा रसीद इसके साथ संलग्न है।

मैंने आरसीएफ रोज़गार सूचना को भली-भाँती पढ़ लिया है और मैं, एतद्द्वारा, घोषित करता हूँ कि उपरोक्त दिए गए सभी विवरण पूरी तरह सत्य हैं।

आवेदक के हस्ताक्षर अंग्रेजी में | आवेदक के हस्ताक्षर हिन्दी में | बाएँ हाथ के अंगूठे का निशान

नाम: ________ नाम: ________
स्थान: ________
दिनांक: ________

नोट :-
(i) सभी कॉलम स्पष्ट रूप से भरे जाने चाहिए अन्यथा आवेदन पत्र अस्वीकृत किया जा सकता है।
(ii) खेल में शैक्षिक योग्यता और उपलब्धियों के प्रमाण पत्र की सत्यापित प्रतियां संलग्न की जानी चाहिए
(iii) कोर्ट केस अगर कोई है तो पंजाब में ही निपटा जाएगा।
(iv) कोई टीए/डीए नहीं। यदि दिया जाएगा।
(v) तकनीशियन श्रेणी में नियुक्ति दिए गए खिलाड़ी को निर्धारित अवधि के लिए प्रशिक्षण से गुजरना होगा और मौजूदा नियमों के अनुसार प्रशिक्षण अवधि के दौरान वजीफा देय होगा।

### वार्षिक अभिदाताओं हेतु आवश्यक सूचना

राजस्थान रोजगार संदेश (पाक्षिक) के वार्षिक अभिदाता बनने हेतु अथवा वर्तमान में चल रहे अभिदाता जिनका वार्षिक शुल्क समाप्त होने जा रहा है वे रुपए 40/- की राशि का भारतीय पोस्टल आर्डर या डिमान्ड ड्राफ्ट सहायक निदेशक (प्रकाशन) राजस्थान रोजगार संदेश के पक्ष में भेजकर इस पाक्षिक पत्र के वार्षिक सदस्य बन सकते हैं। - संपादक

### सूचना

राजस्थान रोजगार संदेश के प्रकाशित लेखों एवं प्रशिक्षण एक परिचय में प्रयुक्त विषय वस्तु लेखकों / संस्थानों की अपनी है। सम्पादक इन विषय वस्तु एवं इनसे उत्पन्न होने वाले किसी भी प्रकार के विवाद के लिए किसी भी तरह उत्तरदायी नहीं है। - सम्पादक


### राजस्थान रोजगार संदेश

मुख्य सम्पादक
**महेश शर्मा**
निदेशक, रोजगार सेवा निदेशालय
राजस्थान, जयपुर
मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक
**हरी राम बडगूजर**
सहायक निदेशक (प्रकाशन) राजस्थान रोजगार संदेश, जयपुर,
डाक का पता : सहायक निदेशक प्रकाशन, दरबार स्कूल परिसर,
गोपीनाथ मार्ग, जयपुर, पिनकोड- 302001, फोन- 2368398
e-mail— adrs.jpr.emp@rajasthan.gov.in